सुप्रभात
रांची, रविवार
18.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 16
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 39



15 जस्टिस संजीव खन्ना होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश




## विस्थापन आयोग का जल्द गठन करें सीएम : सीपीएम

**रांची।** सीपीआईएम ने राज्य सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन से विस्थापन आयोग गठन करने की मांग की है एवं मुख्यमंत्री को सुझाव भी दिये है। मुख्यमंत्री को दिये गये सुझाव में बताया गया है कि विस्थापन आयोग का गठन जल्द से जल्द किया जाय। गठन के साथ ही आयोग को केवल खनन मामलों तक ही सीमित नहीं रखा जाए। क्योंकि झारखंड में खनन मामलों के अलावा एचईसी, बोकारो स्टील प्लांट सहित कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्योगों की स्थापना सहित कई डैम व सिंचाई परियोजनाओं और सेना की छावनियों के निर्माण सहित कई अन्य परियोजनाओं से भी झारखंड में बड़ी संख्या में रैयतों और किसानों का उनके पूरे परिवार सहित विस्थापन हुआ हैं। वैसे विस्थापितों के मुआवजा, नौकरी और पुनर्वास की समस्याएं अब तक लंबित है और मुआवजा के भूगतान के मामलों में भी भारी अनियमितता है। विस्थापितों की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण राज्य के कई स्थानों पर खनन कार्य करने वाली कंपनियों और स्थानीय रैयतों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। सीपीआईएम के राज्य सचिवमंडल की मांग है कि राज्य सरकार की घोषणा के आलोक में केवल खनन नहीं बल्कि सभी तरह के विस्थापन के मामलों के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज के नेतृत्व में राज्य विस्थापन आयोग का गठन किया जायें। जो एक तय समय सीमा के अंदर विस्थापित हुए लोगों के रोजगार, पुनर्वास और मुआवजा के संबंध में फैसला करे। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल मुख्यमंत्री से आग्रह करता है कि अपने घोषणा के अनुरूप उनके द्वारा पहल की जाए।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय**
**लोहरदगा, झारखंड**



**राज्य सरकार के द्वारा उग्रवादियों के प्रत्यार्पण पुनर्वास हेतु नयी नीति/योजना की स्वीकृत मुख्य सूचनाएं :-**

1. विधि व्यवस्था के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती उग्रवाद की समस्या है. जिससे लोहरदगा जिला इस समस्या से गंभीर रूप से आक्रांत है. आत्म समर्पित नक्सलियों को भुगतेय पुनर्वास अनुदान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जाएगा:-

| क्र.सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 01 | ए श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके ऊपर स्तर के नक्सली | रु. 6,00,000/- (छ: लाख) |
| 02 | बी श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके नीचे स्तर के नक्सली | रु. 3,00,000/- (तीन लाख) |

2. कार्यशील एवं नियमित आग्नेयास्त्र (Regular) गोला-बारूद के प्रत्यार्पण के बदले अतिरिक्त भुगतान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा:-

| क्र.सं. | आग्नेयास्त्र/विस्फोटकों का प्रकार | पुरस्कार से संबंधित राशि |
|---|---|---|
| 01 | रॉकेट लांचर / एल.एम.जी. | रु. 1,00,000/- |
| 02 | ए.के. 47 / 56 / 74 रायफल/स्नाईपर रायफल/ इंसास/ एस.एल.आर. | रु. 75,000/- |
| 03 | 303 रायफल / पिस्टल / रिवाल्वर / कार्बाइन | रु. 25,000/- |
| 04 | 315 रायफल और अन्य रायफल | रु. 15,000/- |
| 05 | रिमोट कंट्रोल डिवाईसेस | रु. 6,000/- |
| 06 | ग्रेनेड / हैण्ड ग्रेनेड | रु. 2,000/- |
| 07 | वायरलेस सेट | रु. 2,000/- से 10,000/- (रेंज के आधार पर) |
| 08 | आई.ई.डी. | रु. 6,000/- |
| 09 | विस्फोटक सामग्री (प्रति कि.ग्रा.) | रु. 2,000/- |

3. प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरुचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा जिलों में संचालित कौशल विकास केंद्रों में उपलब्ध विभिन्न संकायो में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी.
अथवा
पुनर्वास समिति द्वारा रु. 6,000/- (छ: हजार) प्रतिमाह की वृति पर एक वर्ष तक के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी. विशेष परिस्थिति में व्यवसायिक प्रशिक्षण की अवधि एक अतिरिक्त वर्ष तक के लिए विस्तारित की जा सकेगी.
4. अधिकतम चार डिसमील जमीन गृह निर्माण हेतु आवंटित की जायेगी.
5. यदि प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी के सिर पर उसके मारे जाने या गिरफ्तार होने पर कोई सरकारी ईनाम घोषित हो तो समर्पण के उपरांत घोषित ईनाम की राशि उन्हें ही प्रदान कर दी जायेगी.
6. **मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत महिला उग्रवादी एवं उग्रवादियों की पुत्रियों के वैवाहिक कार्यक्रम हेतु अनुदान राशि दी जाएगी.**

**पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा- मो.नं.- 9431706218**
**पुलिस उपाधीक्षक(मु.), लोहरदगा- मो. नं.-9431361305**
**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लोहरदगा-मो.नं.-9431129614**
**अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, किस्को, लोहरदगा- मो. नं.- 7004540014**

पत्रांक:- 270/लै.शा., दिनांक:- 14.08.2024 निवेदक :- लोहरदगा पुलिस


# झारखंड सरकार आदिवासी विरोधी संवेदनहीन और निरंकुश : हिमंत शरमा

## चौहान हेंब्रम के परिजनों से मिलने नहीं दे रही हेमंत सरकार

## आदिवासी मुख्यमंत्री गरीब आदिवासी बेटे चौहान हेंब्रम के हत्यारे को दे रहा संरक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** असम सरकार के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को गिरिडीह जिले के बेंगाबाद स्थित झारखंड पुलिस के स्व हवलदार चोहन हेंब्रम के घर परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे। यह क्षेत्र मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी कल्पना सोरेन के विधानसभा क्षेत्र में आता है। भाजपा के दोनो नेताओं को बेंगाबाद पहुंचने के पूर्व प्रशासन ने स्व हेंब्रम की पत्नी और बच्चों को घर से अन्यत्र पहुंचा दिया। मिलने आए सास श्वसुर को भी पुलिस ले गई। स्व हेंब्रम के घर पर उनकी बृद्धा माता सहित ग्रामीणों से हिमंत विश्व शरमा एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुलाकात की। घटना की विस्तृत जानकारी ली। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए भाजपा की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मो. शाहिद अंसारी की अविलंब गिरफ्तारी हो और फांसी की सजा दिलाये सरकार

मीडिया से बात करते हुए हिमंत विश्व शरमा ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री शरमा ने कहा कि यह सरकार आदिवासी विरोधी, संवेदनाहीन और निरंकुश सरकार है। इसे केवल वोट बैंक की चिंता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपराधियों का भी तुष्टिकरण करती है। समुदाय और धर्म विशेष के अपराधी को यह सरकार संरक्षण प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गैंगरेप के आरोप में सजायाफ्ता अपराधी कैदी शाहिद अंसारी जो इलाज के नाम पर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में इलाजरत था ने उसकी सुरक्षा में प्रतिनियुक्ति हवलदार स्व चौहान हेंब्रम की नृशंस हत्या कर दी और फरार हो गया। उन्होंने कहा कि ऐसा दुर्दांत अपराधी और सुरक्षाकर्मी की हत्या कर फरार हो जाये। यह राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि अपराधी एक समुदाय विशेष का है। इसलिए वह आज तक गिरफ्तार नही हुआ। इससे स्पष्ट है कि राज्य की पुलिस उसका संरक्षण कर रही है और यह सब सरकार के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री का दंभ भरने वाले हेमंत सोरेन को आदिवासी हवलदार की हत्या विचलित,मर्माहत नही कर रही। इसीलिए वे चैन की वंशी बजा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इसे गंभीरता से लिया है। पार्टी ऐसी राजनीतिक सोच को प्रदेश से उखाड़ फेंकने केलिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा स्व चौहान हेंब्रम के परिजनों के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए हर संभव सहायता का वचन देती है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद शाहिद अंसारी की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित कराए राज्य सरकार और उसे फांसी की सजा भी दिलाये।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट से फांसी की सजा दिलाये राज्य सरकार : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार अपराध और अपराधी दोनो की संरक्षक बन गई है। हेमंत सरकार ने सर्वाधिक पीड़ित समाज आदिवासी ही है। इस राज्य में आम खास कोई सुरक्षित नहीं है। अपराधी सड़क पर,घर में , जेल में ,अस्पताल में कहीं भी अपराध को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं। इसके पीछे एकमात्र कारण है अपराधियों को सरकार का संरक्षण। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर रही है। बाबूलाल ने कहा कि यह सरकार पीड़ित परिवार से मिलने में भी रोक लगा रही है। पहले गोपीनाथ पुर जाने से रोका और बेंगाबाद से परिजनों को ही हटा दिया। सास श्वसुर तक को भी नही छोड़ा। केवल लाचार बृद्धा मां ही घर पर रहने को विवश है। कहा कि सच पर ज्यादा समय छुपाया नही जा सकता। सच प्रकट होता ही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की सच्चाई पूरी तरह प्रकट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि स्व चौहान हेंब्रम की हत्या करने वाला सजफ्ता दुर्दांत फरार अपराधी शाहिद अंसारी की गिरफ्तारी हो तथा फास्ट ट्रेक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी की सजा दिलाई जाये।

## कांग्रेस संगठन में आलाकमान का निर्णय सर्वोपरि : ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस नीति एवं सिद्धांतों की पार्टी है। संगठन में आलाकमान का निर्णय सर्वोपरि और हमेशा संगठन की बेहतरी के लिए होता है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता पद पर डॉ. रामेश्वर उरांव के मनोनयन का स्वागत किया। उन्होंने नेताद्वय के मनोनयन एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर काम करने का मौका देने हेतु कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के प्रति आभार जताया।

राजेश ठाकुर ने विश्वास जताया है कि नव मनोनीत अध्यक्ष अपने कुशल नेतृत्व से संगठन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए बेहतर परिणाम देंगे। उन्होंने श्री कमलेश को अनुभवी और संगठनकर्ता बताते हुए कहा की उनके अनुभव का लाभ निश्चित रूप से कांग्रेस को झारखंड में मिलेगा और राहुल गांधी के न्याय की परिकल्पना झारखंड में साकार होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस के मेनिफेस्टो के अनुसार जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के लिए झारखंड में संघर्ष और भी मजबूत होगा।

कांग्रेस विधायक दल नेता के पद पर डॉ रामेश्वर उरांव के मनोनयन पर उन्होंने कहा कि उनके संसदीय अनुभव का लाभ कांग्रेस को मिलता रहा है तथा आगे भी चुनाव में उनके दूर दृष्टि से झारखंड में महागठबंधन की सरकार पुनः सत्ता में आएगी। केशव महतो कमलेश तथा डॉ. रामेश्वर उरांव के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलको, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, मानस सिन्हा,सोनाल शांति, कमल ठाकुर, सोशल मीडिया चेयरमैन

### खबर एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मनोनयन से साबित होता है कि राहुल जो कहते है, वो करते है : अभिलाष

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को बधाई देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू ने कहा है कि जननेता राहुल गांधी जो कहते हैं वो करते हैं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के मनोनयन से यह साबित हुआ राहुल गांधी लगातार पिछड़ी जाति के हक अधिकार के लिए एवं उनके प्रतिनिधित्व देने के प्रति लगातार प्रयास कर रहे हैं, इसी क्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पिछड़ी जाति से केशव महतो कमलेश को नेतृत्व देकर झारखंड के तमाम पिछड़ी जातियों को यह संदेश दिया है कि आपका हक अधिकार के लिए कांग्रेस कृतसंकल्प है। राहुल गांधी हमेशा कहते हैं, जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी मिलेगी। अभिलाष साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर का आभार प्रकट किया और उम्मीद जताई कि केशव महतो कमलेश का प्रदेश अध्यक्ष बनने से झारखंड कांग्रेस को मजबूती प्रदान होगी। साथ ही पूर्व आईपीएस अधिकारी काफी अनुभवी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल नेता बनने से कांग्रेस संगठन जमीनी स्तर पर दिखेगा, पिछड़ी जातियों एवं आदिवासी समाज का झुकाव कांग्रेस पार्टी की ओर अवश्य होगी, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को फायदा मिलेगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग प्रदेश नेतृत्व के साथ मिलकर कांग्रेस संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने हेतु अपना प्रयास प्रदेश जिला व प्रखंड होते हुए बूथ स्तर तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका अदा करेगा।

### नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि शनिवार की सुबह तक चौहान हेंब्रम के परिजनों की सुध नहीं लेने वाले मुख्यमंत्री शाम में असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व शरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के वेंगाबाद दौरे के बाद घड़ियाली आंसू बहाने लग गये। उनका साथ देने में स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल हो गयीं। बाउरी ने कहा कि अच्छा होता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन उस लाचार वृद्ध मां,अबला पत्नी,अनाथ बच्चे की पीड़ा उसी दिन समझ लेते, जिस दिन चौहान हेंब्रम की एक अपराधी ने हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के ऊपर वोट बैंक का इतना कर्जा हो गया है कि उनका ध्यान किसी गरीब आदिवासी,दलित महिला की पीड़ा,दुख दर्द की ओर जाता ही नहीं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री जितना भी मदद का आश्वासन दे लें, लेकिन एक गरीब आदिवासी के बेटे की जान उनकी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण गई है। बार बार इस राज्य में आदिवासी दलितों पर घुसपैठियों और धर्म विशेष के अपराधियों द्वारा अत्याचार किया जा रहा है, लेकिन हेमंत सरकार मौन साधे बैठी रहती है। बाउरी ने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री और उनकी धर्म पत्नी के द्वारा स्व चौहान हेंब्रम के परिजनों से मुलाकात को भाजपा की जीत मानती है। कहा कि भाजपा सदैव प्रदेश की जन भावनाओं के साथ खड़ी है।

### कांग्रेसियों ने दी नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बधाई

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल नेता के पद पर डॉ. रामेश्वर उरांव के मनोनयन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे , पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं वर्तमान झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब को बहुत-बहुत बधाई।

## हिमंता की ध्रुवीकरण राजनीति से बीजेपी दर्जन सीट पर आउट होगी : कैलाश यादव

### राजद मजबूती से चुनाव लड़ेगा, सभी जिलों में कार्यक्रम का प्रारूप तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने असम के आयातित बीजेपी मुख्यमंत्री एवं राज्य के सह प्रभारी हिमांता विसवा सरमा के झारखंड में साप्ताहिकी टूर करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि जबसे हिमांता विसवा सरमा झारखंड दौरा प्रारंभ किया है राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठी के नाम पर तुष्टिकरण और ध्रुवीकरण की राजनीति कर रहे हैं। निरंतर लोगों के बीच में जातीय और धार्मिक ध्रुवीकरण कर राज्यवासियों के बीच नफरत फैलाने का नाकाम प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि असम में भीषण बाढ़ से लोग जूझ रहे हैं 10 लाख से अधिक लोग बेघर हो गए हैं, उसके बावजूद हिमांता विसवा सरमा झारखंड आकर बेफजूल की टिपण्णी कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बीजेपी के शीर्ष नेता हिमांता पर लगाम नहीं लगाते है तो निश्चित तौर पर राज्यवासी बीजेपी को दर्जन सीट पर आउट कर लगाम लगाएगी।

श्री यादव ने कहा है कि झारखंड बीजेपी के तमाम नेता फेल हैं। राज्य में विकास और सकारात्मक बातों से अलग थलग पड़े बीजेपी नेताओं का कोई ठोस विजन नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि राज्य के लोगों को बीजेपी का जनविरोधी विचारधारा बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा।

श्री यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल राज्य में मजबूती से चुनाव लड़ेगा। पार्टी संगठन की मजबूती और समस्त क्षेत्रों में लगातार मजबूती से कार्यक्रम चल रहा है। जन्माष्टमी के बाद प्रदेश नेतृत्व द्वारा पार्टी संगठन में विस्तार के साथ जिलास्तरीय और विधानसभा वार प्रतिदिन कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रारूप तैयार कर लिया गया है जल्द ही पार्टी नेतृत्व द्वारा आगामी दिनों में प्रकाशित किया जाएगा।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
**बोकारो स्टील प्लांट**
बोकारो स्टील सिटी–827001, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

बोकारो स्टील प्लांट का जन-स्वास्थ्य अनुभाग नगरवासियों के आवासों में स्थित सीवर सिस्टम की सफाई एवं अनुरक्षण हेतु प्रयासरत है, इस कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित करने के लिए आपका सहयोग अपेक्षित है। कृपया निम्नलिखित बातों पर ध्यान/कार्यवाही करें ताकि नगर का सीवर सिस्टम चलता रहे तथा आवासधारियों को कोई परेशानी नहीं उठाना पड़े :

1. आवासों के पीछे स्थित सीवर सिस्टम (सर्विस लाइन) पर किसी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण अथवा बाउण्ड्री वॉल न बनायें।
2. आवासों के समीप स्थित मैन होल एवं आईसी चैम्बर पर अतिरिक्त निर्माण न करें तथा उस जगह का पक्कीकरण न करें।
3. आवासों के आस-पास स्थित बरसाती नालों को अनाधिकृत रूप से न घेरें अन्यथा बरसात का पानी मैन होल में जाने से मैन होल जाम हो जाएगा जिससे घरों में पानी घुसने की सम्भावना बन जाती है।
4. आवासों के समीप स्थित मैन होल एवं आईसी चैम्बर को तोड़कर अतिरिक्त पाइप लाइन नहीं लगाएं, ऐसा करने पर मैन होल क्षतिग्रस्त हो जाएगा तथा मैनहोल जाम भी हो सकता है।
5. आवासों के समीप स्थित मैन होल एवं आईसी चैम्बर के साथ किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ न करें अन्यथा आपको परेशानी होगी।
6. आवासों के समीप स्थित मैन होल एवं आईसी चैम्बर के पास किसी भी तरह का पेड़/पौधा न लगाएँ जिससे मैनहोल चैम्बर क्षतिग्रस्त हो सकता है।

सेल, बोकारो स्टील प्लांट द्वारा जनहित में जारी।

जन-स्वास्थ्य अनुभाग,
नगर प्रशासन विभाग,
सेल/बोकारो स्टील प्लांट

पंजीकृत कार्यालयः इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर: L27109DL1973GOI006454, वेबसाइट: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


# राज्य भर के वनरक्षी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वनपाल के पद पर प्रमोशन से जुड़ी साल 2014 में बनी झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्र कर्मी संवर्ग नियमावली को दोबारा लागू करने की मांग को लेकर राज्य भर के वनरक्षियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दिया है। वनरक्षी संशोधित नियमावली को रद करने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि हाल में जो संशोधित नियमावली आई है, उसके मुताबिक वनपाल के 50 फीसदी पद पर अब सीधी बहाली होगी। नियमावली के लागू होने से ज्यादातर वनरक्षी बिना प्रमोशन लिए सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मांगों के समर्थन में हजारीबाग, खूंटी, रांची, पलामू, चतरा समेत अन्य जिलों में कार्यरत वनरक्षी हड़ताल पर हैं। हड़ताल के संदर्भ में सचिव अबु बकर सिद्दिकी ने कहा कि वनरक्षियों का प्रतिनिधिमंडल संपर्क करता है तो वे मंगलवार को जरूर मुलाकात करेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कैडर में शत प्रतिशत प्रमोशन संभव नहीं होता, फिर वार्ता कर इसका हल निकाला जा सकता है। इधर, संघ के महामंत्री ने कहा कि उनकी मांग जायज है। उन्होंने बताया कि झारखंड पुलिस में एएसआई और इंस्पेक्टर का सौ फीसदी पद प्रमोशन से ही भरा जाता है। लेकिन एक साजिश के तहत नियमावली में संशोधन कर वनरक्षियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। गौरतलब हो कि झारखंड में वनरक्षी के कुल 3,883 पद हैं। इसकी तुलना में फिलहाल 1,625 वनरक्षी ही सेवारत हैं।

आंदोलनरत वनरक्षी इस बात से ज्यादा परेशान हैं कि जिस नियमावली को साल 2014 में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्रित्व काल में बनाया गया था, उसमें हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते कैसे संशोधन कर दिया गया।

सुप्रभात
रांची, रविवार
18.08.2024
नगर संस्करण । पेज : 16
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net    सावन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081    मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 39



15 जस्टिस संजीव खन्ना होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश










सुप्रभात
रांची, रविवार
18.08.2024
नगर संस्करण । पेज : 16
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 39



15 आतंकवाद-अलगाववाद समाज के लिए खतरा : पीएम

## न्यूज डायरी

### मंकीपॉक्स को लेकर भारत अलर्ट मोड पर

नयी दिल्ली। डब्ल्यूएचओ ने मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है जिसके बाद भारत सतर्क हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। फिलहाल भारत में मंकीपॉक्स का कोई मामला नहीं आया है।

### रामगढ़ में सड़क हादसा रांची के तीन की मौत

रामगढ़। जिले के पतरातू-रामगढ़ फोरलेन पर रविवार को सड़क हादसे में रांची के तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी थी।

### सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में सुनवाई टली

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर शनिवार को सुनवाई टल गई। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट नहीं बैठी। इस कारण सुनवाई टल गई।

### झारखंड के कुछ हिस्सों में आज भारी बारिश

रांची। बंगाल की खाड़ी से सटे बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाके में बना साइक्लोनिक सर्कुलेशन झारखंड की ओर बढ़ रहा है। मानसून टर्फ राजधानी रांची से गुजर रहा है। इसको देखत हुए मौसम विभाग ने 18 अगस्त को भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।

## सोनाहातू की 5 बेटियां पीएम को बांधेंगी राखी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिले के सोनाहातू की 5 बेटियां प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांधेंगी। पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सोनाहातू की 5 छात्राएं आनंद बिहार स्पेशल ट्रेन से धनबाद से दिल्ली के लिए रवाना हो गयीं। भारत सरकार के निर्देश पर स्कूली शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग की ओर से राज्य के पांचों प्रमंडल से 30 छात्राओं और 6 शिक्षिकाओं के दल को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधने के लिए भेजा गया है।

**छात्राओं ने पीएम के लिए खुद बनायी राखी :** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से पीएम श्री कस्तूरबा सोनाहातू का चयन किया गया है। इसमें मैट्रिक की प्रथम चार टॉपर सुमन कुमारी, संतोषी कुमारी, सीता कुमारी, लिया सिंह और राहे की स्वाति कुमारी का चयन किया गया।

## सीएम आज पाकुड़ से मुख्यमंत्री मंइयां योजना करेंगे शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को पाकुड़ जिले में गायबथान पंचायत के तिलका मांझी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करेंगे। जिले के उपायुक्त मृत्युंजय बर्णवाल ने बताया कि इस दौरान वे 16 हजार 937 लाभुकों के बीच करीब 121 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 4 करोड़ 90 लाख रुपये का वितरण करेंगे। वे करीब 72 करोड़ 92 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। वहीं 32 करोड़ 88 लाख रुपये की योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

**50 लाख महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपये :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 50 लाख महिलाओं को 12,000 रुपये सालाना पेंशन देने की मंईयां सम्मान योजना की घोषणा की है। अब तक 40 लाख महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। 31 लाख आवेदनों को मंजूरी मिल गयी है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष उम्र की महिलाओं को शामिल किया गया है। महिलाओं के खाते में हर माह एक हजार डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किए जाएंगे।

### हवलदार स्व. चौहान हेंब्रम के परिजन सीएम से मिले

## पीड़ित परिवार के एक सदस्य को देंगे सरकारी नौकरी : हेमंत सोरेन

**सरकार ने दी राहत**

- सीएम ने कहा- हवलदार की हत्या के दोषी को जल्द किया जायेगा गिरफ्तार
- हजारीबाग जिला बल के हवलदार चौहान हेंब्रम की ऑन ड्यूटी हुई थी हत्या



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हजारीबाग जिला बल के हवलदार स्व चौहान हेंब्रम के परिजनों ने मुलाकात की। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हवलदार स्व चौहान हेंब्रम के आश्रित को 1.29 करोड़ रुपये दिये जाएंगे। साथ ही अनुकंपा पर एक आश्रित को थर्ड या फोर्थ ग्रेड की नौकरी भी दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने हवलदार स्व चौहान हेंब्रम की पत्नी जोमोती देवी, पुत्र महेश हेंब्रम तथा पुत्री स्वाति हेंब्रम और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर विश्वास दिलाया कि उन्हें हर हाल में न्याय मिलेगा। राज्य सरकार की ओर से डीजीपी सहित वरीय पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाए।

**कैदी ने हवलदार की कर दी थी हत्या :** गिरिडीह जिला निवासी चौहान हेंब्रम हजारीबाग जिलाबल में हवलदार के पद पर कार्यरत थे, ड्यूटी के दौरान बीते 12 अगस्त को एक अपराधी ने उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी।

**आश्रित परिवार को राज्य सरकार देगी ₹1.29 करोड़**

हजारीबाग जिलाबल के हवलदार स्व चौहान हेंब्रम के कर्तव्य के दौरान मृत्यु होने के बाद राज्य सरकार द्वारा इनके आश्रित परिजनों को लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपए प्रदान की जायेगी। इसमें 60 लाख रुपए क्षतिपूर्ति भुगतान, एसबीआई के माध्यम से किए गए पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ 50 लाख रुपए, उपादान की राशि 11 लाख 25 हजार रुपए, उपार्जित अवकाश वेतन पांच लाख 62 हजार 500 रुपए, भविष्य निधि की राशि एक लाख रुपए, ग्रुप बीमा की राशि 37 हजार रुपए, परोपकारी कोष से आवश्यक वित्तीय सहायता 30 हजार रुपए एवं पारिवारिक पेंशन 9 हजार रुपए दिये जायेंगे।

## डॉक्टरों की देशव्यापी हड़ताल से मरीजों का इलाज प्रभावित

### निजी अस्पतालों के डॉक्टरों ने किया संयुक्त विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में आइएमए द्वारा शनिवार को देशभर के सभी अस्पतालों में 24 घंटे के लिए किये गये कार्य बहिष्कार का असर झारखंड के तमाम शहरों में भी रहा। शनिवार को रांची के सभी निजी अस्पतालों ने संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया। जेडीए, रिम्स, आइएमए, झासा, आरडीए, सीआइपी और एएचपीआइ रिम्स परिसर से मार्च करते हुए आइएमए भवन पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

**अपराधी को फांसी की सजा देने की मांग :** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में समाचार लिखे जाने तक चिकित्सकों का आंदोलन और हड़ताल जारी रहा। चिकित्सकों ने अपराधी को फांसी देने की मांग की है।

रिम्स में कार्यरत महिला डॉक्टरों ने खबर मन्त्र को बताया कि आज रांची के डॉक्टर विरोध प्रकट करने को लेकर रिम्स पहुंचे हैं। हम बहुत दुखी हैं। इस प्रकार की घटना से मन विचलित है।



### केंद्र सरकार का अनुरोध- डॉक्टर्स हड़ताल खत्म करें

स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय सुझाने के लिए एक समिति बनायी जायेगी तथा राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। डॉक्टर्स अभी हड़ताल खत्म करें।

### मरीजों के हित में काम पर लौटें : हेमंत सोरेन

रांची। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद पूरे देश में आक्रोश है। डॉक्टर कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर हैं। इससे मरीज परेशान हैं। इसी बीच सीएम हेमंत सोरेन ने डॉक्टरों से मरीजों के हित में काम पर लौटने का आग्रह किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि बंगाल और केंद्र सरकार दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य के डीजीपी को अस्पतालों में भी काम करने वाले सभी कर्मियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया है।



### अपराध की योजना बना रहा अपराधी गिरफ्तार

रांची। अपराध की योजना बना रहा एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ग्रामीण एसपी ने बताया कि नामकुम थाना क्षेत्र के बेल बगान में दीपक कुमार महतो के घर पर कुछ अपराधी प्रवृति के लोग किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने को जमा हुए थे। इस सूचना के बाद एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम बेलबगान स्थित दीपक कुमार के घर के दूसरे तल्ले पर पहुंची। पुलिस को देख एक अपराधी भागने लगा, जिसे पुलिस दल के द्वारा पकड़ लिया गया। दूसरा भागने में सफल रहा। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम अविनाश कुमार बताया। कमरे से 24 मोबाइल फोन, तीन चार्जर समेत अन्य सामान बरामद किया गया।

# सीएम आवास घेरने निकले छात्रों को पुलिस ने रोका

## जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा की तिथि में बदलाव की मांग को शनिवार को छात्रों का महाजुटान मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप हुआ। यहां से सारे छात्र समूह बना कर मुख्यमंत्री आवास घेराव करने निकले। लेकिन सभी छात्रों को मोरहाबादी के पास ही पुलिस ने रोक दिया गया। विरोध में आंदोलित सभी छात्र वहीं अपनी मांगों की पूर्ति के लिए बैठ गये और नारेबाजी करने लगे।

### साजिश के तहत परीक्षा की तारीख तय की गयी

विभिन्न जिलों से रांची पहुंचे छात्रों ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की ऐसी तारीख निकाली गयी है, जिससे छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जायें। छात्रों ने कहा कि जिस दिन सीजीएल परीक्षा लेने की घोषणा की गयी है उसी दिन अन्य चार महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी हैं। ऐसे में संभव नहीं है कि छात्र उक्त तारीख को परीक्षा में शामिल हो पायें।

### 18 बार परीक्षा की तिथि हो चुकी है घोषित

छात्रों ने कहा कि अब तक सरकार 18 बार परीक्षा की तिथि घोषित कर चुकी है। छात्रों ने कहा कि सरकार ने छात्रों के आंदोलन को रोकने के लिए बिना सोचे-समझे परीक्षा की तारीख निकाल दिया। लेकिन सरकार के पास अब दो माह का ही समय बचा है। ऐसे में सरकार को ऐसी तिथि तय करनी चाहिए, जिसमें परीक्षा संभव हो सके।

# शहर के हर रूट पर होगा पिंक नेटवर्क का परिचालन

### डीजीपी ने ट्रैफिक एसपी को पिंक ऑटो को पूरे शहर में विस्तार करने का आदेश किया जारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शहर की महिलाओं, छात्राओं, शैक्षणिक स्थानों के लिये पिंक ऑटो का विस्तार करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने इस संबंध में ट्रैफिक एसपी को कहा कि पिंक ऑटो राजधानी के हर रूट में चले, इसकी व्यवस्था करें।

### शहर के हर रूट पर होगा पिंक नेटवर्क

अबतक राजधानी रांची के अरगोड़ा में ही पिंक ऑटो का परिचालन होता था। डीजीपी के निर्देश के बाद अब यह महिला कॉलेज, शिक्षण संस्थान के साथ-साथ वैसे स्थान जहां महिलाओं की संख्या अधिक है, वहां पिंक ऑटो चलाने के लिए परमिट जारी किया जायेगा।

### पार्किंग व्यवस्था करने का निर्देश

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पिंक ऑटो के ठहराव के लिए पुलिस को सभी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और कार्यालय के बाहर पार्किंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश जारी किया है। राजधानी के सभी मार्गों पर पिंक ऑटो के परिचालन से कामकाजी महिलाओं के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज आने-जाने वाली लड़कियों के लिए बेहतर सुविधा मिल जायेगी।

### क्या है पिंक ऑटो कांसेप्ट

राजधानी रांची के एक सीमित इलाके में पिंक ऑटो का परिचालन होता है। पिंक ऑटो एक ऐसी यातायात व्यवस्था है जिसमें ऑटो की ड्राइवर भी महिलाएं होती हैं और उसमें बैठने वाले हर यात्री भी महिलाएं होती हैं।

### 20 अगस्त तक राज्य के कुछ हिस्सों में जारी रहेगा भारी बारिश का असर

रांची। राज्य में आने वाले दिनों में मध्यम से लेकर भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के लिये अलर्ट जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि राज्य के कुछ जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना है। किसानों के लिए भी विशेष चेतावनी जारी की गयी है। रविवार को झारखंड में अधिकांश जगहों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की संभावना है, जबकि निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी के अलावे दक्षिणी हिस्से पूर्वी व पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां, उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में भारी बारिश होने की संभावना है। केंद्र ने कहा कि कम दबाव प्रणाली से जुड़ा चक्रवाती झारखंड के मौसम पर भी असर डाल सकता है, जिससे भारी बारिश और तेज आंधी चलने की संभावना बढ़ गई है। आम लोगों और किसानों को खुले में जाने से बचने की सलाह दी गई है। राज्य में भारी बारिश की संभावना 20 अगस्त तक है।

# होटल के मालिक ही उन्हें काम के बहाने बुलाते हैं, फिर धकेला जाता है दलदल में

### सेक्स रैकेट में पकड़ी गयी लड़कियों ने पुलिस को बताया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सेक्स रैकेट में पकड़ी गयी लड़कियों ने पुलिस को बयान दिया है कि रांची के होटल मालिकों के द्वारा उन्हें काम करने के लिये रांची बुलाया जाता है, फिर उन्हें ज्यादा पैसे का लालच देकर देह व्यापार में धकेल दिया जाता है। इतना ही नहीं, नौकरी के नाम पर होटल मालिकों द्वारा उनके आधार कार्ड और पहचान पत्र रख लिया जाता है। रांची पुलिस ने सभी छोटे-बड़े होटल मालिकों को भी यह निर्देश दिया है और उन्हें अपने यहां किसी भी तरह का अनैतिक देह व्यापार न होने देने की चेतावनी जारी किया है।

इधर, पुलिस ने रांची में संगठित तरीके से चलाए जा रहे अनैतिक देह व्यापार के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए रांची पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रांची पुलिस ने तीन महीने के दौरान 70 से अधिक लोगों को सेक्स रैकेट के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार को पूरी तरह से खत्म करने के लिए स्पाई सिस्टम एक्टिव किया है।

### गिरोह पर नकेल कसने की कवायद

पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि राजधानी रांची में पश्चिम बंगाल से लड़कियों को लाकर बड़े पैमाने पर देह व्यापार करवाया जा रहा है। 70 से ज्यादा की गिरफ्तारी के बावजूद पुलिस को यह सूचना मिली है कि अभी भी अनैतिक देह व्यापार के कारोबारी रांची में एक्टिव हैं। ऐसे में अनैतिक देह व्यापार में शामिल लोगों पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए रांची पुलिस ने अपने स्पाई नेटवर्क को भी एक्टिव कर दिया है। सादे लिबास में पुलिसकर्मियों और कुछ मुखबिरों को रांची एसएसपी ने एक्टिव किया है। साथ ही साथ इलाके के थानेदारों को इस पर नजर रखने के लिये विशेष निर्देश जारी किया है।

### हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा-

# झारखंड में कैट का स्थाई बेंच कब तक बनेगा?

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) का स्थाई बेंच झारखंड में बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि कैट के स्थाई बेंच के लिए जब झारखंड हाई कोर्ट के बगल में दो एकड़ की जमीन दी गई है तो अब तक उसपर काम क्यों नहीं शुरू हुआ? कैट का स्थाई बेंच झारखंड में कब बनेगा? मामले में कोर्ट को बताया गया कि कैट का सर्किट बेंच झारखंड में होने के कारण केवल वहां 5 दिनों तक मामले की सुनवाई हो पाती है। ऐसे में मुवक्किल एवं वकीलों दोनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई ट्रिब्यूनल के बेंच पटना एवं कोलकाता में हैं।

### सरकार की ओर से जमीन दिये जाने के बाद भी क्यों हो रही है देरी

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के स्थाई बेंच दूसरे राज्य में हैं, वहीं कैट का स्थाई बेंच पटना में है। झारखंड के लोगों को अपने मामले की सुनवाई के दौरान पटना एवं कोलकाता की दौड़ लगानी पड़ती है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सुझाव दिया कि ओडिशा जैसे अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी सभी ट्रिब्यूनल के स्थाई बेंच बनाये जाने चाहिए। झारखंड में एक ही जगह पर सभी ट्रिब्यूनल को बनाया जाना चाहिए, ताकि वकीलों और मुवक्किलों को राहत मिल सके।



जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि कई ट्रिब्यूनल का स्थाई बेंच बनने से झारखंड के लोगों को अपने मामले के लिए सुनवाई के लिए दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कोर्ट ने इस संदर्भ में भी केंद्र सरकार के अधिवक्ता को इंस्ट्रक्शन लेकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि झारखंड में कैट का स्थाई बेंच कब तक शुरू हो जाएगा? मामले की अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता चैताली ने पक्ष रखा। वहीं केंद्र सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा।

# पटना में जब्त 50 लाख रुपये पांडेय गिरोह का, एटीएस ने किया खुलासा

### एटीएस ने की प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पटना जीआरपी के द्वारा रेलवे स्टेशन से जब्त 50 लाख रुपये रामगढ़ के पांडेय गिरोह का था। उक्त राशि कोयला व्यवसायी और कांट्रेक्टर से रंगदारी के रूप में ली गयी थी। झारखंड एटीएस की टीम ने शनिवार को इसका खुलासा किया है। एटीएस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर बजरंग ठाकुर रामगढ़ निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि पिछले सप्ताह पटना जंक्शन पर एक शख्स के पास बड़े से सूटकेस में 50 लाख रूपये कैश मिला था। आरपीएफ के अनुसार, पटना जंक्शन पर रविवार को वंदे भारत ट्रेन से एक व्यक्ति के पास लाल रंग का सूटकेश था। पैसे लेकर दो व्यक्ति जा रहे थे, जिसमें एक पवन ठाकुर था। लेकिन, पुलिस को देखकर वह फरार हो गया। एटीएस की टीम झारखंड से पटना पहुंची, आयकर विभाग को भी बुलाया गया। जांच करने के बाद पता चला कि उक्त राशि रामगढ़ के पांडेय गिरोह का है। पुलिस ने पैसे पहुंचाने वाले बजरंग ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# छठी क्लास के छात्र को कुचलने वाला कार ड्राइवर का सुराग नहीं

### परिजनों का आरोप- पुलिस सही से नहीं कर रही कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। 15 अगस्त की रात करीब साढ़े दस बजे एक तेज रफ्तार कार ने एक महिला और उसके बच्चे को कुचलने वाले कार चालक का अबतक सुराग नहीं मिल पाया है। कार चालक का सुराग पाने के लिये लोअर बाजार थाना पुलिस ने शनिवार को सीसीटीवी फुटेज खंगाला।

वहीं, परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस घटना के बाद से एक्टिव नहीं है।

गौरतलब हो कि बिशप वेस्कॉट स्कूल में छठी क्लास में अध्ययनरत प्रियांशु अपनी मां रोमा के साथ दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होकर लौट रहा था। कांटाटोली के पास तेज गति से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। प्रियांशु स्कूटी से दूर फेंका गया और जमीन पर गिरते ही उसकी मौत घटनास्थल पर हो गयी। वहीं उसकी मां जीवन और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रही है। पुलिस ने बताया कि कार में दो युवक और बैठे थे, जिन्हें पुलिस ने छोड़ दिया, वे ड्रिंक किये थे या नहीं इसका मेडिकल जांच कराना भी पुलिस ने उचित नहीं समझा। वहीं कार चला रहे युवक को अगर पुलिस सही समय पर पकड़ लेती तो पता चल पता कि युवक शराब पीकर गाड़ी चला रहा था या नहीं, लेकिन अब तो सारा साक्ष्य मिट गया। इस मामले में पुलिस सही से कार्रवाई नहीं कर रही है। परिजनों ने पुलिस से न्याय की मांग की है।

### नो पार्किंग जोन से किया गया गाड़ियों को जब्त



रांची। रांची यातायात पुलिस ने शनिवार को जगन्नाथपुर, अरगोड़ा इलाके में जांच अभियान चलाया गया। जांच ट्रैफिक डीएसपी शिव कुमार के द्वारा चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने नो पार्किंग जोन से चार वाहनों को जब्त किया गया। 20 वाहनों के शीशा पर पंपलेट चिपकाया गया। वहीं, 20 से 25 दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पहने पाया गया, जिनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# एनएसयूआइ ने कोलकाता में लेडी डाक्टर की मौत और रेप के विरोध में किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। रांची जिला एनएसयूआई के सदस्यों ने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर कोलकाता में हुए लेडी डॉक्टर मोमिता का रेप और मर्डर के विरोध में आईएमएस के द्वार पर स्लोगन लिखे तख्ती के साथ मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

मौके पर पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश और राज्य में बेटियां अपने घर के बाहर सुरक्षित नहीं हैं। सरकार द्वारा सही आरोपी तक नहीं पहुंचना संदेह को जन्म देता है। इस घटना के बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा झूठा साबित हुआ है।

एनएसयूआई आईएमएस छात्र नेता गुलशन कुमार ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन बंगाल सरकार से मांग करता है कि आरोपी को अविलंब गिरफ्तार किया जाए और भारत सरकार से मांग करती है कि रेप के खिलाफ कड़ा से कड़ा कानून बनाया जाए। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अंकिता, कैश, आकृति, अनुजा, रिफत, सौम्या, देव, सानिया और अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### अमन साव गिरोह से निकाला गया रांची जेल में बंद शूटर चंदन साव

रांची। रांची जेल में बंद शूटर चंदन साव को अमन साहू गिरोह से निकाल दिया गया है। गिरोह के मयंक सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की पुष्टि की। मयंक सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि रांची जेल में बंद पतरातु थाना के सांकुल निवासी चंदन साव को गैंग से निकाला जा चुका है। चंदन साव का गैंग से कोई लेना-देना नहीं है। चंदन के बारे में मार्केट के छोटे-छोटे व्यापारी और जो सही तरीके से अपना व्यापार कर रहे हैं, उनसे गलत तरीके एवं जबरन वसूली की शिकायत मिल रही थी। गिरोह की ओर से चंदन को बार-बार समझाया गया कि ऐसा रोड छाप काम ना करे। इसके बावजूद चंदन के आचरण में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते मुझे मजबूरन छोटे व्यापारी और अन्य के हित में यह निर्णय लेना पड़ा। मयंक सिंह ने व्यापारियों को आगाह किया कि अगर अमन साहू और मयंक सिंह के नाम से चंदन किसी भी व्यापारी को फोन कॉल या मैसेज करता है तो उसे नजरअंदाज करें। अगर वह किसी तरह की घटना, धमकी या अन्य कुछ भी करता है तो उसका जिम्मेवार वह खुद होगा।

# श्री साहित्य कुंज का सावन मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। श्री साहित्य कुंज साहित्यिक मंच की कार्यकारी अध्यक्ष नीता शेखर के सर्जनी अपार्टमेंट में सावन मिलन उत्सव मनाया गया। डॉ सुरिंदर कौर नीलम की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। रेणु झा रेणुका द्वारा गणेश वंदना करके दीप प्रज्वलित किया गया। संस्था की उपाध्यक्ष बिंदु प्रसाद रिद्धिमा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। जिसमें बेटियों की अस्मिता और उसकी सुरक्षा को लेकर समाज के सवाल मुखर किया गया। संस्था की अध्यक्ष प्रतिमा मणि त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया। जिसमें कोलकाता की डॉ बेटी को श्रद्धांजलि दी गयी। संस्था की संस्थापिका मनीषा सहाय सुमन ने कहा हमें अपनी संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। तभी हम आगे आने वाली सभी प्रकार की चुनौतियों से लड़ने में सक्षम हो पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन रिम्मी वर्मा और बिंदु प्रसाद रिद्धिमा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन नीता शेखर विषिका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिसमें सावन क्वीन एवं स्लोगन प्रतियोगिता मुख्य थी। रिश्तों की पाठशाला के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लक्की डॉ द्वारा चार विजेताओं का चुनाव किया गया। जिसकी विजेता रहीं सुरिंदर कौर नीलम, प्रतिभा मिश्रा, मधुमिता साहा, अर्चना श्रीवास्तव। चारों विजेताओं को सम्मानित किया गया। सावन क्वीन प्रतियोगिता की इस वर्ष की विजेता प्रतिभा मिश्रा अनुपम श्री, खुशबू बरनवाल एवं रंगोली सिन्हा क्रमशः अन्य बनीं। सभी प्रतिभागियों को सावन क्वीन का विशेष मोमेंटों देकर समान्नित किया। इसके अलावा मेहंदी, लोकगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। इस अवसर पर प्रतिभा मिश्रा, नीता शेखर, मनीषा सहाय, पुष्पा सहाय, अनुपम श्री, मधुमिता साहा, रंगोली सिन्हा एवं खुशुब बरनवाल द्वारा नृत्य प्रस्तुत किये गये। बिंदु प्रसाद रिद्धिमा, सुरिंदर कौर रेणु झा, ऋतुराज वर्षा, रिम्मी वर्मा, पूनम वर्मा, सिम्मीनाथ, अर्चना श्रीवास्तव, निर्मला कर्ण, सुनीता श्रीवास्तव और प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा सदाबहार लोकगीतों की मनभावन प्रस्तुतियां की गयीं। मौके पर श्री साहित्य कुंज की कार्यकारिणी को मोमेंटों से सम्मानित किया। साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को अंगवस्त्र एवं उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर रेणुबाला धार, स्मिता सिन्हा, ऋतुराज वर्षा, सुनीता अग्रवाल, अर्पणा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव संगीता सहाय, पुष्पा पांडेय, सुजाता प्रिय, पूनम वर्मा आदि कवयित्रियों की उपस्थित रहीं।

## खबर एक नजर में

### डॉक्टर के साथ हुए अमानवीय कृत्य को लेकर विरोध प्रदर्शन



रांची। युवा सोच के बैनर तले शनिवार को डोरंडा स्थित विवेकानंद चौक पर पश्चिम बंगाल में अस्पताल में डॉक्टर के साथ हुए अमानवीय कृत्य को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर युवा सोच के कृष्णा मिश्रा ने कहा कि बलात्कार जैसे जघन्य पाप पर भी बंगाल सरकार अपराधियों को फांसी के फंदे पर लटकाने के बजाए बचा रही है, जो समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर युवा सोच के सतीश सिंह, अजीत सिंह, अनिमेश कुमार, नीतीश सिंह, राहुल कुमार, अजय गुप्ता, रवि मिश्रा, धीरज गुप्ता, रितेश कुमार, गुड्डू सिंह, सोहन यादव, सुरज गिरी, मनु यादव, आकाश सोनी, अनीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति ने किया भूमि पूजन



रांची। ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति ने शनिवार को भूमि पूजन किया। मारवाड़ी उच्च विद्यालय पुस्तक पथ प्रांगण में भूमि पूजन के साथ पंडाल निर्माण कार्य शुरू हो गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष चंद्रभान खत्री, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता, संयोजक दीपक कुमार पंकज, हेमंत पोद्दार, अजय बथवाल, संरक्षक प्रमोद लोहिया, श्याम नारायण दयाल, उपाध्यक्ष अमित व्यास, रविन्द्र सैनी, सचिव प्रखर लोहिया, मंत्री मनोज बक्सरिया एवं वेद प्रकाश सिंह, पंडाल निर्माता भोला पात्रा आदि उपस्थित थे।

### श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में संपन्न

रांची। हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में रोटरी क्लब ऑफ रांची के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### महिंद्रा ट्रक और बसों की 5 नये डीलरशिप का उद्घाटन

रांची। वित्त वर्ष 24 में बिजनेस वॉल्यूम में 46 प्रतिशत की मजबूत 4 साल की सीएजीआर वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने जुलाई के महीने में भारत के चार राज्यों में अपनी 5 नई अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। इनमें 37 सर्विस बे शामिल हैं जो प्रतिदिन 75 से अधिक वाहनों की सर्विस कर सकते हैं, साथ ही ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के बिजनेस हेड – कमर्शियल व्हीकल्स जलज गुप्ता ने कहा, भारत के कमर्शियल व्हीकल्स के बाजार में महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) की मजबूत उपस्थिति है, जिसने पहले ही कई क्षेत्रों और बाजारों में नंबर 3 स्थान हासिल कर लिया है। महिंद्रा ब्लेजो एक्स, फुरिओ, ऑप्टिमो और जयो भारत में एकमात्र सीवी ट्रक रेंज हैं जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता सहित डबल सर्विस गारंटी देते हैं। महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन ने 48 घंटों में ट्रक को सड़क पर वापस लाकर अपनी ब्रेकडाउन सेवा पर अपटाइम की भी गारंटी दी है, अन्यथा कंपनी ग्राहक को प्रतिदिन 1000 रुपये का भुगतान करेगी। इसके अतिरिक्त, डीलर वर्कशॉप या कंपनी में 36 घंटों में वाहन के गारंटीकृत टर्नअराउंड के लिए प्रतिदिन 3000 रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### आईएसएम रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह मना



रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आईएसएम), रांची में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. गंगा प्रसाद सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सबों को शुभ कामनाएं दी। संस्थान के अध्यक्ष प्रो. आर. ए.के.वर्मा ने संस्थान के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी तथा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास किए जाने पर बल दिया। ध्वजारोहण के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। संस्थान के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय तथा प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाने को घोषणा की गई। प्रो.(डॉ.) सुशील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इफको ने बुंडू प्रखंड क्षेत्र में की किसान सभा



रांची। इफको नैनो उर्वरकों को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने एवं कृषि में इन उर्वरकों के महता को किसानों के बीच ले जाने के लिए इफको ने रांची जिला के बुंडू प्रखंड में छह गांव का चयन कर एक नैनो ग्राम समूह बनाया है। इसके अंतर्गत ठाकुरगांव, बुढ़मू, डाडिया, बेडवारी गुरगेन और मोहनपुर शामिल हैं। इन सभी ग्रामों के किसानों को इस योजना के अंतर्गत इफको नैनो उर्वरकों के खरीद पर 25 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा और अपने फसलों में ड्रोन के माध्यम से स्प्रे कराने पर कुल स्प्रे खर्च में 100 रुपये का अंशदान भी इफको द्वारा दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज ग्राम मुर्गी में एक किसान सभा कर उपस्थित 100 से अधिक किसानों को इस योजना की जानकारी दी गई। किसानों से आग्रह किया गया कि आप सभी इस योजना का भरपूर लाभ लें। इस बैठक में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अनुश्रवण में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

रांची। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अनुश्रवण में लापरवाही पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कार्रवाई की गयी है। योजना के अनुश्रवण में लापरवाही एवं लक्ष्य अनुरूप उपलब्धि प्राप्त नहीं करने पर रांची सदर की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित सात महिला पर्यवेक्षिका को शो-कॉज किया गया है, साथ ही संतोषप्रद स्पष्टीकरण पाये जाने तक सभी का वेतन भी स्थगित कर दिया गया है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में लाभुकों की संख्या अनुरूप आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित अंचल अधिकारी के पास जमा नहीं होने की सूचना पर सत्यापन कराया गया। वार्ड-36 अरगोड़ा एवं नगड़ी अंचल के सत्यापन के क्रम में सेविकाओं द्वारा इंट्री हुए आवेदन को अपने पास रखने, अर्हत्ताधारी लाभुकों का सर्वेक्षण नहीं करने तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा क्षेत्र भ्रमण नहीं किए जाने का मामला संज्ञान में आया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। सदर सीडीपीओ सहित सात महिला पर्यवेक्षिका को शो-कॉज करते हुए सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है कि किन परिस्थितियों में योजना का अनुश्रवण नियमित रूप से नहीं किया गया, क्यों न इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में बरती गई शिथिलता एवं लापरवारी को देखते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाये।

**इन्हें किया गया शो-कॉज** : बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, रांची सदर, अंजना दास, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, रंजना तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, संगीता कच्छप, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, मनीषा ज्योति, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, कुमारी सुनीता, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, ज्योति बाला, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर, किरण कुमारी शर्मा, महिला पर्यवेक्षिका, रांची सदर।

# नियम विरुद्ध रोजगार देने का काम कर रहा पीवीयूएनएल व यूपीएल : खुशबू देवी

## विस्थापित-प्रभावित अधिकार समिति मां पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में हुई बैठक, रोजी-रोजगार पर हुई, कंपनी के विरुद्ध समिति के लोगों में है आक्रोश का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-प्रभावित अधिकार समिति की शनिवार को मां पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष खुसबू देवी और संचालन सुरेश साहू ने किया। बैठक में रोजी-रोजगार को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि पीवीयूएनएल व यूपीएल बाहरी लोगों को काम दे रही है।

बैठक में समिति की अध्यक्ष खुसबू देवी ने कहा कि पीवीयूएनएल व यूपीएल झारखंड सरकार के नियम कानून की धज्जी उड़ा रहा है। इनके अंदर काम कर रहे विभिन्न एजेंसियों में विस्थापित-प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को छोड़कर बाहरी लोगों को काम पर रखा जा रहा है। इस मामले को लेकर मैं लगातार संस्थान के सीएमडी और सीईईओ को दूरसंचार के विभिन्न माध्यमों से सूचित करने का काम की हूं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि संस्थान के जवाबदेह पदाधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय विस्थापित-प्रभावित बेरोजगार को काम न देकर बाहरी लोगों की फौज खड़ी कर दी जा रही है जो नियम विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के नियमानुसार विभिन्न फैक्ट्रीयों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रखा जाना है। लेंकिन यहां लगभग 20 प्रतिशत से भी कम स्थानीय लोगों काम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि विस्थापित प्रभावित गांव के लोगों को रोजगार मिले इसे लेकर समिति द्वारा वर्ष 2021 में 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक 94 लोग आमरण अनशन (भूख हड़ताल) पर बैठे थें। हड़ताल तोड़ने के वक्त संस्थान के लोगों के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि सभी को रोजगार दिया जाएगा। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी 94 भूख-हड़तालियों को अभी तक रोजगार नहीं दिया गया। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद द्वारा बड़कागांव, बरकट्ठा, हजारीबाग व रांची के रहने वाले लोगों को काम पर रखवाया जा रहा है। भूख-हड़ताल तोड़ते वक्त अंबा प्रसाद समिति के संरक्षक के तौर पर थी। उन्हीं के नेतृत्व में हम लोगों द्वारा भूख-हड़ताल तोड़ा गया था। जिसका लाभ विधायक अंबा प्रसाद उठा रही है। उन्हीं के इशारे पर यह सारा काम और खेल जारी है। सही मायने में कहा जाए तो इस आंदोलन को विधायक अंबा प्रसाद द्वारा बेच दिया गया है। इसका जीता-जागता सबूत दिनेश कंपनी में कार्य कर रहे मजदूरों के नाम लिस्ट से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई लोग विस्थापित फैमिली से नहीं हैं बावजूद इसके डोनेशन के बल पर एनटीपीसी में आये हैं। वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जो जॉबछोड़ कर आए हैं।

एनटीपीसी के सीईओ को भी हमने इसकी सूचना दी थी। लेकिन प्रबंधन उदासीन रवैया अपनाए हुए है। दो महीना पहले इन लोगों से 15 दिन कार्य भी कराया गया था। उस वक्त डोनेशन नहीं देने के वजह से इन लोगों को दो महीना तक बैठा दिया गया था। जबकि डोनेशन देने के बाद इन्हें तत्काल जॉइनिंग करवाया गया। दिनेश कंपनी में कार्य कर रहे सभी वर्करों का नाम और एड्रेस देखा जाए तो विस्थापित गांव के चार-पांच लोग ही नजर आ रहे हैं। बैठक में दयानंद प्रजापति, अजय मुंडा, जयकुमार, राजेश्वर राम, सुभान अंसारी, जिलानी अंसारी, मकसूद अंसारी, रूपेश, जीतू कुमार, रुपेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सूरज देव राम, सुरेश राम सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।



बैठक में उपस्थित समिति के लोग

## एंटी रैगिंग विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा कॉलेज, शिकारीपाड़ा में आयोजित सात दिवसीय एंटी रैगिंग कार्यक्रम पर भाषण प्रतियोगिता शनिवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक डॉ. अनुराधा जायसवाल ने की। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सिकंदर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।


**Office of the Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Garhwa(Jharkhand)**
**Mail ID: cs.garhwa@gmail.com**
**Tender Notice No. CS Off/Garhwa/1727/2024-25**
**Date: 14-08-2024**

**Short Tender Notification**

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Garhwa invites separate Technical and Price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for** selection of out source agency for providing Nursing Services, Paramedical Staff and Other technical and Non Technical Staff in the Health Unit of the **GARHWA Surgeoncy through e-Tender.**

**The blank tender documents with detail conditions can be obtained through website www.jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through online mode only.**

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Provide Nursing and Paramedical services and other technical Staffs in the H ealth Units of the Garhwa Surgeoncy of Garhwa District on outsourcing basis. |
| 2 | Time of Completion | After Completion of Technical Bid |
| 3 | Date of Publication of Tender in Website | 21/08/2024, 11:00 AM (jharkhandtenders.gov.in) |
| 4 | Date & Time On line Subm ission of bid | 21.08.2024 , 11:00 A.M. |
| 5 | Bid Submission Closing Date & Time | 04.09.2024 by 6:00 P.M . |
| 6 | Bid Opening Date for Technical Proposal | 05.09.2024 by 11:00 A.M. |
| 7 | Opening Date of On line Financial Proposal | After Completion of Technical Bid |
| 8 | Tender Document fee (Non - refundable) | 5,000/- (One Thousand only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum CMO Garhwa" before Submitting tender Documents at CS Office Garhwa |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) | 15,00,000/- (Rs. Fifteen lakh only) in the form of crossed demand draft in favour of " Civil Surgeon Cum CMO Garhwa " should be deposited before Uploading the bid in e - Procurement Portal of TIA at CS Office Garhwa. |
| 10 | Pre-Bid Conference | 24-08-2024 at 4 PM Office of the TIA. |

Note-: The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.
**Details of the Tender document can be downloaded from website** www.jharkhandtenders.gov.in **The Tenders should be submitted through On line mode only.**

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer Garhwa (Jharkhand)

PR 333032 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D


# भाई और बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है रक्षा बंधन : विजयंत

## एला एंग्लाइज विद्यालय में अंतर सदनीय राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को संस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में अंतर सदनीय राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छह से 9वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने धागे, मोतियों और फूलों जैसी सामग्रियों का उपयोग करके सुंदर, आकर्षक, मनोहारी और रंगीन राखियां बनाकर अपनी रचनात्मकता और सृजनात्मकता कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के जज सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, जय किशोर प्रसाद महतो, धर्मेश सोनी और कंचन सोनी ने निभाई। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये राखियों का सभी जज ने अवलोकन करते हुए विजेताओं का घोषणा किये। प्रतियोगिता में बुद्ध सदन की टीम प्रथम, अशोक सदन की टीम द्वितीय और आर्यभट्ट सदन की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं नेताजी सदन को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# सर्वोदय निकेतन में मेंहदी रचना और राखी मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुजू रामगढ़ में श्रावण मास की समाप्ति एवं रक्षाबंधन के अवसर पर मेंहदी रचना और राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेंहदी रचना प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सौम्या कुमारी प्रथम, यास्मी कुमारी द्वितीय तथा फरहाना शेख एवं नताशा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं जूनियर वर्ग में पीहू कुमारी प्रथम, रोशनी कुमारी एवं तौषी परवीन को द्वितीय तथा तनीषा एवं साक्षी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

जबकि छात्रों के राखी मेकिंग प्रतियोगिता में युवराज कुशवाहा एवं आदित्य कुमार सिंह को प्रथम, फैजान अहमद को द्वितीय तथा अनंत कुमार महतो को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची**
**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू**
Email Id-dhopalamau@gmail.com

**आम सूचना**

विभागीय राज्यादेश सं0–42 दिनांक 24.07.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2024–25 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के प्राप्त लक्ष्य के अनुसार शहरी इलाकों एवं उनसे सटे हुए आस–पास के शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के आवासीय परिसर में खाली पड़े भू–खण्ड़ों सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु इच्छुक लाभुकों से आवेदन की माँग की जाती है। इस योजना का कार्यान्वयन सरकारी परिसर में शत प्रतिशत अनुदान पर एवं निजी व्यक्तियों के Terrace Gardening एवं आवासीय परिसर में खाली पड़े भू–खण्डों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा। दिनांक–24.08.2024 तक जिला उद्यान कार्यालय, पलामू में आवेदन जमा कर सकते हैं।

**नोट:–** 1. ST, SC तथा लघु सीमांत एवं महिला कृषक को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वत: रद्द समझा जायेगा।
3. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति हेतु जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR.NO.332996 District(24-25):D


# मूकबधिर नाबालिग युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** थाना क्षेत्र के सिझुआ गांव में एक मूकबधिर नाबालिक युवती के साथ मानवता को शर्मसार करने वाली घटना घटी। इस मामले में पीड़िता की मां धनेश्वरी देवी ने इचाक थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि 12 अगस्त दिन सोमवार को उसकी मकबधिर पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष है।

जो शारीरिक वा मानसिक रूप से दिव्यांग है। धनेश्वरी देवी ने पुलिस को बताया कि 12 अगस्त के करीब नौ बजे रात शौच के लिए उसकी पुत्री घर से बाहर निकली थी। उसी समय दांगी गांव के शंकर कुमार पिता (सुखदेव महतो) ने दिब्यांग पुत्री के साथ लगभग आधा घंटा इशारे में बात करता रहा।

इसके बाद पीड़िता को गाड़ी में बैठने को कहा नहीं बैठने पर चाकू से गर्दन काट देने तथा पेट में चाकू घोपने की धमकी देने लगा। इससे वह भयभीत हो गई इसके बाद उसे गाड़ी में बैठाकर गांव से करीब एक किलोमीटर दूर सिझुआ हाई स्कूल के पीछे घने जंगल में ले गया। वहां चाकू का भय दिखाकर नाबालिक बालिका के साथ बलात्कार किया । आवेदन में कहा है मेरी मुखबधिर बेटी शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्ची ऐसा करने से विरोध किया तो उन्होंने उसे मार देने की धमकी दिया।

आरोपी युवक ने इसके पास बिना सिम कार्ड का एक मोबाइल था जिससे वह खेलती थी वह छीन कर ले लिया।

इसके बाद जंगल में छोड़कर भाग गया। किसी तरह अपने कपड़ों को ढूंढ कर पहनी और रास्ते होकर वह घर की ओर आ रही थी। करीब 12:30 बजे रात गांव के बसंत राम के घर का दरवाजा खुलवाई और जो बोल सकी वह घटना के बारे में बताई। फिर बसंत राम ने धनेश्वरी देवी को बुलाया।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**JUIDCO BHAVAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI 834 001, JHARKHAND.**

**CORRIGENDUM -1**

**Name of Project:** Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharganj
**NIT No:** - JUIDCO/NIT/DPR-PMC/SWM/Huss,Chatt/24/624
**Tender ID.:** 2024_UDD_89210_1
**PR No.:** 331409

This is for information of all the bidders that following Corrigendum are being made in RFP documents (Ref. JUIDCO/NIT/DPR-PMC/SWM/Huss,Chatt/24/624) for "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharganj"

| Sl. No. | Bid Document Ref. | As per RFP | As per Corrigendum 1 |
|---|---|---|---|
| 1 | Last Date/ Time of Bid Submission | 20.08.2024, 17:00 Hrs | 03.09.2024 17:00 Hrs |
| 2 | Last Date / Time of Submission of Tender Fee & EMD | 21.08.2024, 17:00 Hrs | 04.09.2024 17:00 Hrs |
| 3 | Date of Bid Opening | 21.08.2024, 17:30 Hrs | 04.09.2024 17:30 Hrs |

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd.**

PR 333029 (Urban Development) 24-25 (D)



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–20 वर्ष,**

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–20 वर्ष का कोतवाली थाना क्षेत्र से बरामद कर विधिवत पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रॉची भेजा गया हैं। जिसके संबंध कोतवाली थाना यु0डी0 सं0–11/2024, दिनांक–17.07.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉची। –9431770077
थाना प्रभारी कातवाली, रॉची। –9431706158

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची।

PR.NO.333087 Police(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला)**

**सूचना**

विज्ञापन सं0 01/2022 के तहत औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवारों का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया था, जिसमें असफल उम्मीदवारों से दिनांक– 11.08.2024 से 14.08.2024 तक आपत्ति माँगी गई थी। कुछ उम्मीदवारों द्वारा बताया गया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने के कारण इंटरनेट एवं अखबार की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण दावा/आपत्ति के लिए दिए गए समय को देख नहीं पाए। पुन: अतिरिक्त समय दिए जाने का अनुरोध किया गया, जिसके आलोक में दावा/आपत्ति का पुन: समय अवधि विस्तार करते हुए दिनांक– 24.08.2024 तक संध्या 5:00 बजे तक समय दिया जाता है, अगर किसी अभ्यार्थी को दावा/आपत्ति हो तो वह जिला समादेष्टा कार्यालय, गुमला में भौतिक रूप से उपस्थित होकर लिखित आवेदन दे सकते हैं।

उपायुक्त,
गुमला

PR 333071 Home, Prison And Disaster Management(24-25).D


# मां शीतला देवी मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन

## नर सेवा-नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत 300 लोगों को कराया भोजन



भंडारा में लोगों के बीच प्रसाद का वितरण करते लायंस क्लब के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा शनिवार को भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान सभी को लायंस क्लब के लोगों ने खीर, पुड़ी और सब्जी रूपी प्रसाद खिलाकर आगे भी इस तरह के आयोजना करने की बात कही। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजनो से आत्म संतुष्टि तो मिलती ही है, आत्मा भी तृप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों को निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता आया है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के लिए टीकाकरण शिविर लगाया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रत्येक शनिवार को उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की। आज के शिविर में दर्जनों महिलाओं व शिशुओं का टीकाकरण किया गया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, रेखा देवी, संजय सिंह, एमजेएफ संजय कुमार, प्रमोद शर्मा, बिमल राय, दीनबंधु सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।


**कार्यालय:– असैनिक शल्य चिकित्सक– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।**
**Etender: PAL/B -1/ Dt. 22-08-2024**
**अल्पकालीनई–निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू एवं सर्जेसी को अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2024– 2025 में सामग्री उपकरण/उपस्कर हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो ) से ई–निविदा, दिनांक–22.08.2024 के पूर्वाहन् 11.00 AM बजे आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सामग्री उपकरण/उपस्कर |
| 2 | वेब साइट पर निविदा प्रकाषित होने की तिथि | 22-08-2024 From 11.00AM |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 22-08-2024 To 05-09-2024 till 11.00 AM |
| 4 | ई–निविदा खुलने का समय | 06-09-2024 At 02.00PM |
| 5 | आवेदन शुल्क ( Submission through online gateway ) नन रिफन्डेबल | 1000.00 ( One Thousand ) Only |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेलहाता रोड, डालटनगंज। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 8 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |

Further details can be seen on Website https://jharkhandtenders.gov.in

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि परई–निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदा कर्त्ता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक– सह –
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 333054 District(24-25)D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त तुपदाना ओ0पी0 काण्ड सं0–116/24 दिनांक 24.03.2024 धारा–15(C)/18(C)/22/25 NDPS Act के प्राथमिक अभि0 (1) रौशन कुजुर पे0–रामा कुजुर, ग्राम–हुडीगदाग, थाना–धुर्वा(तुपुदाना), जिला–रॉची का द0प्र0सं0 की धारा 82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इतेहार निर्गत किया गया है।

**Court of D.Pandey J.C Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED Tupudana op-**116/2024**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
प्राथमिक अभि0 रौशन कुजुर पे0–रामा कुजुर, ग्राम–हुडीगदाग, थाना–धुर्वा(तुपुदाना), जिला–रॉची
2. कियाहै या करने का उस पर शुवहा है। — जोव–मुजिब दफा के सजा के लायक है — मजमूअए तावीरात हिन्द
(2) धारा–15(C)/18(C)/22/25 NDPS Act
3. नाम प्राथमिक अभि0 रौशन कुजुर — औरव–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जाजारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि
(3) जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है तुपुदाना ओ0पी0 ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि(3) जब
4. मोकाम।
धारा–15(C)/18(C)/22/25 NDPS Act — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5) अ–हजुर(6)
6. इस अदालत व रूबरू मेरे। — ब–तारीख 22.08.2024 माह नालिश–मजकुर 11.00 ए0एम0 को जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 04.07.2024

Sd/-
J.C... Ranchi

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभि0 रौशन कुजुर कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/**Court of J.C Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉची। –9431706143
थाना प्रभारी, तुपुदाना ओ0पी0, रॉची। –9431706167

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची

PR 333078 Police(24-25).D

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संपूर्ण देशवासियों सहित गढ़वा जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


**असफाक आलम**
थाना प्रभारी
रमना, गढ़वा

**उपेंद्र यादव**
पारा शिक्षक सह प्रोपराईटर
कृष्णा डेरी फार्म, रमना, गढ़वा

**ई. महताब आलम**
निदेशक, ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल, बीरबल प्रखंड सगमा, जिला-गढ़वा।

**रत्नेश कुमार**
चिकित्सा पदाधिकारी
समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धुरकी, गढ़वा

**उपेंद्र कुमार**
थाना प्रभारी
धुरकी, गढ़वा

**जुल्फिकार अंसारी**
प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रखंड धुरकी, गढ़वा

**सत्यम कुमार**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड सगमा, गढ़वा

**अनिता देवी**
मुखिया, पंचायत सोनडीहा
प्रखंड सगमा, गढ़वा
निवेदक : हनुमंत यादव

**इन्द्रजीत कुशवाहा**
मुखिया, पंचायत-बीरबल
प्रखंड-सगमा (गढ़वा)

**सरोज देवी** मुखिया
पंचायत घघरी, प्रखंड सगमा, गढ़वा
निवेदक -अशोक राम

**संगीता देवी**
मुखिया, झोतर पंचायत
प्रखंड डंडई, गढ़वा।

**महेंद्र चौधरी**
मुखिया, जरही पंचायत
प्रखंड डंडई, गढ़वा

**बिन्दा देवी**
मुखिया, करके पंचायत
प्रखंड डंडई, गढ़वा

**लालमुनी गुप्ता**
बीडीसी सदस्य, उतरी सोनेहरा पंचायत, प्रखंड डंडई, गढ़वा

**ओमप्रकाश यादव**
मनरेगा सामग्री आपूर्तिकर्ता सह जिला अध्यक्ष यादव रेजीमेंट, डंडई, गढ़वा

**सतीश सिंह**
पंचायत सेवक
भवनाथपुर गढ़वा

**पंकज विश्वकर्मा**
पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता, रारो पंचायत
प्रखंड डंडई, गढ़वा

**मो. कमिल अंसारी**
समाजसेवी
तसरार पंचायत, प्रखंड डंडई, गढ़वा

**सरिता कुमारी सिंह**
मुखिया -पचैर पंचायत
प्रखंड डंडई, गढ़वा

**मिथिलेश प्रसाद**
बीडीसी प्रतिनिधि सह भाजपा महामंत्री पश्चिमी भाग डंडई, गढ़वा

**गायत्री देवी**
मुखिया, पंडरिया पंचायत
भवनाथपुर, गढ़वा

**लालमुनी गुप्ता**
बीडीसी सदस्य, उतरी सोनेहरा पंचायत, प्रखंड डंडई, गढ़वा

**गौरव कुमार**
भवनाथपुर, गढ़वा

**अशोक कुमार**
कंप्यूटर ऑपरेटर
भवनाथपुर, गढ़वा

**सुरेंद्र यादव**
प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय झगड़ाखाड़
भवनाथपुर, गढ़वा।

**डॉ रवि शंकर दास**
भवनाथपुर, गढ़वा।

**पंकज चौबे**
बसपा नेता सह भावी प्रत्याशी
भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र

**बेबी देवी**
मुखिया, भवनाथपुर
जिला-गढ़वा।

**विनोद कुमार सिंह**
प्रोपराईटर, इंडेन गैस एजेंसी
नगर उंटारी, गढ़वा।

**लता देवी**
पूर्व नप उपाध्यक्ष
नगर उंटारी, गढ़वा

**सविता गुप्ता**
मुखिया, रंका कला पंचायत
रंका, गढ़वा

**देवानंद राम**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
रंका, गढ़वा

**पप्पू विश्वकर्मा**
भवनाथपुर, गढ़वा

**वेद आर्या**
ओम शांति पब्लिक स्कूल
भवनाथपुर, गढ़वा

**राहुल कुमार**
प्रोपराईटर, वंशीधर ऑटोमोबाइल टीवीएस एजेंसी, भवनाथपुर।

**शारदा महेश प्रताप देव**
सचिव, टीडीएम इंटर कॉलेज
नगर उंटारी, गढ़वा

**विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह**
समाजसेवी सह प्रोपराईटर
555 बिक्स, नगर उंटारी, गढ़वा

**अशोक जायसवाल**
प्रोपराईटर, गणपति सेल्स
नगर उंटारी, गढ़वा

**प्रतिमा देवी**
उप मुखिया, कटरा पंचायत
रंका, गढ़वा
निवेदक -पति दीपक कुमार

**सुधीर कुमार**
बीपीएम
प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र
रंका, गढ़वा।

**सोना किशोर यादव**
समाजसेवी सह भाजपा मंडल अध्यक्ष, भवनाथपुर, गढ़वा।

**कृष्णा कुमार**
थाना प्रभारी
भवनाथपुर, गढ़वा।

**मनीष कुमार**
प्रोपराईटर, हीरो बाइक एजेंसी, भवनाथपुर, गढ़वा

**राज राजेन्द्र प्रताप देव**
सचिव, शंकर प्रताप डिग्री कॉलेज, नगर उंटारी, गढ़वा

**डॉ अभिमन्यु सिंह (सोनू सिंह)**
जीवन हॉस्पिटल, नगर उंटारी, गढ़वा

**विवेक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह**
मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी
विश्रामपुर पंचायत रंका, गढ़वा

**किरण देवी**
मुखिया, बाहाहारा पंचायत,
रंका, गढ़वा
निवेदक -पति रविंद्र पासवान

**अभय कुमार**
लेखापाल
बीआरसी, रंका, गढ़वा

**मनीष कुमार**
उप मुखिया बानासाड़ी पंचायत,
सिमरिया

**अरुण साहू**
केंद्रीय अध्यक्ष
झारखण्ड प्रदेश तेली समाज
सह कांग्रेस नेता बरही विधानसभा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संपूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।
**सुरेश यादव**
मुखिया
टाटीझरिया पंचायत

**डॉ अनिल कुमार**
एपेम ट्रस्ट हॉस्पिटल
बरही

**प्रेम रंजन पासवान**
राजीव गांधी पंचायती राज जिला अध्यक्ष चतरा

**आशुतोष मिश्रा**
वाहन मालिक संघ पूर्व संयोजक सह
विस्थापित नेता आम्रपाली-टंडवा

**रविंद्र कुमार राय**
प्रधानाध्यापक सह सचिव उत्क्रमित
मध्य विद्यालय जबड़ा, सिमरिया

एनटीपीसी NTPC
NML
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु
कोयला खनन परियोजनाएं
समाज कल्याण योजनाओं में पूर्ण भागीदारी

**पंकज कुमार**
थाना प्रभारी
कटकमदाग थाना

**भुनेश्वर साहू**
संचालक रामकृष्ण चेरीटेबल ट्रस्ट
करियातपुर, बरही

**एकता वर्मा**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
कटकमदाग, हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संपूर्ण टाटीझरिया प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।
निवेदक
**शिबू प्रसाद सोनी**
झरपो पंचायत मुखिया सह
टाटीझरिया 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय झरपो परिवार के ओर से संपूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।
निवेदक
**महेंद्र इंदिवर**
प्रभारी प्रधानाध्यापक
म.वि.विद्यालय झरपो

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हजारीबाग सहित पूरे झारखंड वासियों को मेरे ओर से बहुत बहुत बधाई
आइए हम सब मिलकर एक पेड़ लगाएं और पर्यावरण को बचाए। जय हिन्द।
निवेदक
**राम किशोर सावंत**
अध्यक्ष, सावंत इंटर कालेज
खपरियावां, हजारीबाग।

**इंद्र नारायण कुशवाहा**
भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष
कटकमदाग, हजारीबाग

**प्रशांत कुमार**
अंचल अधिकारी
कटकमदाग, हजारीबाग

**सुनिल कुमार पाण्डेय**
प्रदेश अध्यक्ष
झारखंड अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ

## समय संवाद

समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करते। यह पंक्ति बहुत बड़ा संदेश अपने अंदर समाहित कर रखा है। समय की प्रतिबद्धता वर्तमान समय में पहले से ज्यादा हो गयी है। अगर आप सही समय से काम करने में सक्षम है और यह आपकी आदत बन गयी है तो विश्वास करें कि आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। हम अपनी आदत, व्यवहार और जीवन शैली में समय को महत्व देते दिखते हैं तो आस-पास के लोग भी उसका अनुसरण करते हैं। अगर कोई शिक्षक, कक्षा में हर दिन देर से आये तो छात्र क्या करेंगे। कक्षा ही नहीं जीवन में आगे चलकर भी वे समय को महत्व नहीं दे पायेंगे।

# समय का महत्व समझे जीवन में सफलता पायें



**डॉ मेरी ग्रेस**



**आज** सफल होना कौन नहीं चाहता लेकिन सफलता सभी को नहीं मिलती। कुछ न कुछ कारण या बिंदु ऐसे हैं जो कारण बनते हैं। कई लोगों को आपने देखा होगा जो आज क्या करना है उसे लिखकर अपने पास रख लेते हैं। वे इसके लिए रात सोने के पहले या सुबह अपना काम आरंभ करने के पहले यह काम प्रतिदिन करते हैं। ऐसा करने के पीछे उनका मकसद सिर्फ हर दिन के काम को उसी दिन निबटाना होता है। कई बार काम कई दिन अटकता है उससे उन्हें उस काम को पूरी ताकत से करने की प्रेरणा मिलती है। उस काम के लिए किनका सहयोग लिया जाए या उस काम को छोड़ दिया जाए सभी निर्णय वे आराम से ले पाते हैं। कोई भी व्यक्ति के पास विशेषकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अगर नियमित अपने कार्य सूची बनाकर तैयारी करें तो उनकी तैयारी निश्चित सफलता की ओर जाएगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि एक सप्ताह के अंदर आपको पत्ता होगा कि आपने क्या नहीं किया। यह प्रयोग ज्यादा कठिन भी नहीं है। इसमें न तो ज्यादा वक्त लगता है और नही इस कार्य को करने में कोई बड़ी समस्या आती है। अगर कोई छात्र अपने कोर्स को अपना काम मान कर लिखा करें तो निश्चित ही वह हर दिन स्वतः गंभीर होता जाएगा। वैसे भी जिन लोगों ने सफलता की बुलंदी को चूमा है वे आज का काम आज करने में विश्वास रखते हैं। वैसे भी चर्चित पंक्ति है: **आज करे सो अब कर, कल करे सो आज, पल में प्रलय होगा बहुरि करेगा कब।** वर्तमान समय में आज में जीना एक बेहतर जीवन शैली माना जाता है। न तो बीते कल की चिंता और न आने वाली कठिनाई को लेकर बेकार की बहस जिससे आपका आज प्रभावित होता है। हर दिन का अपना महत्व है और हमें हर दिन काम करना होता है। सवाल यह है कि हमारे काम किस दिशा में और किस प्रकार योजनाबद्ध होते हैं, वे कितने महत्वपूर्ण होते हैं इसकी जानकारी सूचीबद्ध होते ही हमें हो जाती है। आज में जीने की आदत बनाएं औरं सफल हों।

समय और ज्वार किसी का इंतजार नहीं करते। यह पंक्ति जितनी छोटी लगती है उससे बहुत बड़ा संदेश अपने अंदर समाहित कर रखा है। यह संदेश ही नहीं एक जीवन सूत्र है जिसे सभी को समझना चाहिए और दूसरे को भी समझने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सामान्य तौर पर समय की प्रतिबद्धता वर्तमान समय में पहले से ज्यादा हो गयी है। किसी भी कार्य को करने में लगा समय और उसका सही समय एक बड़ा फर्क पैदा करती है। अगर आप सही समय से काम करने में सक्षम है और यह आपकी आदत बन गयी है तो विश्वास करें कि आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। हम अपनी आदत, व्यवहार और जीवन शैली में समय को महत्व देते दिखते हैं तो आस-पास के लोग भी उसका अनुसरण करते हैं। अगर कोई शिक्षक, कक्षा में हर दिन देर से आये तो छात्र क्या करेंगे। कक्षा ही नहीं जीवन में आगे चलकर भी वे समय को महत्व नहीं दे पायेंगे। स्कूल सही समय पर पहुंचे, अपनी निश्चित दिनचर्या पर कार्य करें, अपनी क्षमता के अनुसार कार्य समाप्त करने और आवश्यकता पढ़ने पर क्षमता से अधिक कार्य कर समयबद्ध होने का परिचय दें। जापान, चीन, कोरिया, अमेरिका सहित विकसित देशों में भारत की आलोचना समयबद्ध न होने के लिए होती है। विशेषकर किसी भी युवा के लिए यह अनिवार्य है कि लोग आपको समयनिष्ठ माने। इससे आपकी दिनचर्या भी सटीक और अनुकूल होगी, आप लोकप्रिय होंगे, विश्वसनीय हो सकेंगे। कार्य में दक्षता के साथ आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। विजेता बनने के लिए हर समय का सही उपयोग करें।

(प्राचाया, उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची)

# जीव सबसे अधिक मान-अपमान में फंसा होता है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा यमुना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। भारत में ही भक्ति है अन्य देशों में भोग की प्रधानता है। भक्ति से परम तत्व को प्राप्त किया जा सकता है जबकि भोग से नाश ही होता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)

# भारत के ढाई हजार साल में 24 विभाजन हुए

**रमेश शर्मा**

संसार में भारत अकेला ऐसा देश है जिसका इतिहास यदि सर्वोच्च गौरव से भरा है तो सर्वाधिक दर्द से भी । यह गौरव है पूरे संसार को शब्द, गणना और ज्ञान विज्ञान से अवगत कराने का ।... और दर्द है निरंतर आक्रमणों और अपनी धरती के हुये विभाजन का । बीते ढाई हजार वर्षों में 24 और 1873 से 1947 के बीच केवल सत्तर सालों में सात विभाजन हुए । अंतिम विभाजन करोड़ों लोगों के बेघर होने और लाखों निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के साथ हुआ । आज स्वतंत्र भारत का जो स्वरूप और सीमा हम देख रहे हैं उसका भूगोल अतीत के गौरव का 10 प्रतिशत भी नहीं है । वैदिक संस्कृति से आलोकित इस भू-भाग का नाम कभी जंबूद्वीप था । इसका स्मरण आज भी पूजन संकल्प में होता है ₹जंबूद्वीपे भरत खंडे आर्यावर्ते.. ₹ पर यह अब केवल इतिहास की पुस्तकों तक ही सिमिट गया । समय के साथ भारत कभी आर्यावर्त है तो कभी भारतवर्ष भी रहा । हिमालय इसके मध्य में था, जिसके शीर्ष का नाम गौरीशंकर था । अंग्रेजों ने उसका नाम एवरेस्ट कर दिया। नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार तिब्बत, पाकिस्तान और बंगलादेश ही नहीं कम्बोडिया, इराक, ईरान और इंडोनेशिया भी कभी भारत का अंग रहे हैं। तब कम्बोडिया का नाम कम्बोज और इंडोनेशिया का नाम दीपान्तर था ।

संसार के लगभग सभी देशों में प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रमाण मिलते हैं। उनकी लोक भाषा में संस्कृत के शब्द भी सरलता से मिल जाते हैं । इसके दो कारण हैं। एक तो वह भूभाग जो भारतवर्ष का अंग रहा और दूसरा देशाटन से संस्कृति पहुंची। भारत की विशालता को समझने के लिए वह एक मंत्र ही पर्याप्त है जो आज भी पूजन के संकल्प में दोहराया जाता है- ₹जम्बू द्वीपे भारतखंडे आर्याव्रत देशांतर्गतेङ्क अर्थात जम्बू द्वीप के अन्तर्गत भरतखंड और भरत खंड के अंतर्गत आर्यावर्त...। यदि हम वैदिककालीन जम्बू द्वीप को देखें तो यह चारों ओर खारे समुद्र जल से घिरा हुआ है । इसे हम आज का एशिया महाद्वीप कह सकते हैं। इसके अंतर्गत भारतवर्ष। वैदिक काल भारतवर्ष कुल चार साम्राज्य में विभाजित था । पहला आनर्त, साम्राज्य नर्मदा से नीचे समुद्र पर्यंत। श्रीलंका आदि इसी के अंतर्गत थे। दूसरा ब्रह्मवर्त, यह नर्मदा से गंगा के बीच का भाग, तीसरा आर्यावर्त, यह गंगा से हिमालय पर्यंत, और चौथा पर्सवर्त। पर्सवर्त साम्राज्य ही आगे चलकर पारस साम्राज्य के नाम से जाना गया । सिकन्दर के भारत पर आक्रमण के समय इसका नाम पारस साम्राज्य ही था और वहां आर्य वैदिक संस्कृति जीवन्त थी । आजकल यह क्षेत्र इराक और अन्य नाम से जाना जाता है । निसंदेह आर्यावर्त ज्ञान-विज्ञान और अनुसंधान का केन्द्र था पर समूचा भारत आर्यावर्त नहीं था । विभिन्न जीवन शैलियां अपने अपने ढंग से विकास कर रही थीं। लेकिन आर्य कोई नस्ल नहीं थी एक जीवनशैली थी इसलिए कहा ऋग्वेद में विश्व को आर्य बनाने का संकल्प है। ऋग्वेद (10/75) में आर्य निवास में प्रवाहित होने वाली जिन नदियों का वर्णन मिलता है, उनमें कुभा (काबुल नदी), क्रुगु (कुर्रम), गोमती, सिंधु, परुष्णी (रावी), शुतुद्री (सतलज), वितस्ता (झेलम), सरस्वती, यमुना तथा गंगा के नाम हैं । यह क्षेत्र गंगा से हिमालय पर्यन्त ही ठहरता है । इंडोनेशिया में तेरहवीं शताब्दी तक वैदिक आर्य और बौद्ध धर्म था । इंडोनेशिया में पुराने राजवंशों के जो नाम मिलते हैं उनमें श्रीविजय, शैलेन्द्र, माताराम जैसे नाम मिलते हैं। सुमात्रा में नौवीं शताब्दी तक वैदिक आर्य परंपरा रही है । यही स्थिति वियतनाम और कंबोडिया की है । इन देशों में पुराने राजवंशों के नाम सनातनी परंपरा के रहे हैं। लेकिन यह सब पिछले ढाई हजार वर्षों में भारत से दूर हुए ।

यदि हम बहुत पुरानी बात न करें। केवल 1876 के बाद की बात करें तो 1876 से 1947 के बीच कै कुल 71 वर्षों में भारत के कुल सात विभाजन हुए और भारत का दो तिहाई हिस्सा पराया हो गया । अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यामार आदि सब इसी अवधि में भारत से अलग हुए । इसकी भूमिका 1857 की क्रांति से बन गई थी । अंग्रेजों के शासन का सिद्धांत ₹बांटो और राज करो₹ था । इसलिए उन्होंने विशाल भारतीय साम्राज्य को बांटना आरंभ किया और चारों ओर बफर स्टेट बनाना आरंभ किया ।

1876 में अफगानिस्तान को भारत से अलग किया। 1906 में भूटान को। 1935 में श्रीलंका को। 1937 में वर्मा यनी म्यांमार और 1947 पाकिस्तान के रूप में भारत की धरती पर एक नये देश का उदय हुआ । जो 1971 में विखंडित होकर पाकिस्तान के भीतर से बांग्लादेश का उदय हुआ । 1857 की क्रांति भले असफल हो गई थी पर इसके बाद अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को सशक्त और स्थाई बनाने के अनेक उपाय किए । पुलिस आदि की व्यवस्था करके न केवल जाति धर्म और भाषा के नाम से विभाजन आरंभ किया अपितु देशात्मक सत्ता के रूप में विभाजन आरंभ किया । ताकि यदि किसी एक क्षेत्र में कमजोर होते हों तो दूसरे क्षेत्र की सेना से नियंत्रित कर सकें। इसीलिए उन्होंने भारत के विभाजन की शुरूआत की । 1876 में भारत का कुल क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग किलोमीटर था । जो धीरे-धीरे घटकर अब केवल 33 लाख वर्ग किलोमीटर रह गया । यनी यदि पुराने इतिहास की बात न करें केवल 1874 से 1947 के बीच की बात करें तो इसी अवधि में भारत का पचास लाख वर्ग किलोमीटर भूभाग पराया हो गया ।

भारत का अंतिम विभाजन 14 अगस्त 1947 को हुआ । इसलिए भारत में 14 अगस्त अखंड भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है । भारत में बड़ी संख्या में करोडों लोग हैं जो यह मानते हैं कि पूजा पद्धति बदलने से न तो पूर्वज बदलते हैं और न राजनैतिक परिस्थितियां बदलने से राष्ट्र भाव बदलता है ।

## कहां है बिस्मिल का रिवॉल्वर?

हां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की वो रिवाल्वर हमारे परिवार के पास थी जिसे उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ काकोरी कांड में इस्तेमाल किया था। इस रिवाल्वर को हमारे परिवार ने 97 बरस तक घर की तिजोरी में सहेज कर रखा। अब यही रिवाल्वर शाहजहांपुर के शहीद संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही है। यह बात शरद गुप्ता उर्फ पप्पू ने अपने छोटे भाई अजय कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू ने बतायी जहां पंडित राम प्रसाद बिस्मिल प्रायः आते रहते थे।शरद गुप्ता के घर के साथ ही आर्य समाज मंदिर था, जिसमें पंडित राम प्रसाद बिस्मिल प्रायः ठहरा करते थे। शरद गुप्ता के दादा लाला सूरज प्रसाद गुप्ता ऑनरेरी मजिस्ट्रेट थे। राम प्रसाद बिस्मिल उन्हें अपना भरोसेमंद मानते थे। अक्सर उनके पास आते रहते थे। सूरज प्रसाद भी उन्हें बचाने में मदद करते रहते थे। यही नहीं, कई बार तो जोखिम उठाकर उन्हें हथियार भी उपलब्ध करा देते थे। सूरज प्रसाद गुप्ता का परिवार शाहजहांपुर में कलुआपुर वालों के नाम से विख्यात है। बड़ी हिम्मत करके यह परिवार इस हथियार को देश के संग्रहालय में दे दिया। यूपी सरकार ने अपील की थी कि कोई भी धरोहर है तो उसे संग्रहालय को दिया जाए।

# डिजिटल फास्टिंग में मददगार घर का माहौल और सैर सपाटे

**अनु अंबालिका**

### बच्चों में स्मार्टफोन का जुनून

मोबाइल का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों की सीखने की क्षमता प्रभावित करता है व ध्यान भटकाता है। जब पढ़ाई के लिए भी टेक्नोलॉजी जरूरी है तो उन्हें इसका सार्थक इस्तेमाल करने को प्रेरित करना होगा। पैरेंट्स अलर्ट रहें कि बच्चे को ऑनलाइन कंटेंट की लत न लगे। वहीं वर्चुअल दुनिया में उलझे बालमन को बाहर निकालने के लिए घर में डिजिटल फास्टिंग के मुताबिक माहौल बनाएं।

हाल ही में आई यूनेस्को की ह्य टेक्नोलॉजी इन एजुकेशनह्व रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ता है। रिपोर्ट में शामिल मूल्यांकन के आंकड़े बताते हैं कि हरदम मोबाइल पास होने से विद्यार्थियों का ध्यान भटकता है। सीखने की क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आने वाले नोटिफिकेशन ही नहीं, मोबाइल के पास होने मात्र से भी ध्यान भटकने की स्थिति बन जती है। यूनेस्को की रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। बेहतर हो कि डिजिटल गैजेट्स से दूरी की इस कोशिश में घर का माहौल भी साथी बने।

### सीमित इस्तेमाल की सीख

चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखते रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। डांटने-डपटने से बच्चे अतिवादी कदम तक उठा ले रहे हैं। इसीलिए वर्चुअल दुनिया में उलझे बालमन को हिदायत भी सोच-समझकर ही देनी होगी। बच्चों के साथ न तो सख्ती बरती जा सकती है और न ही स्मार्ट फोन में खोये रहने की खुली छूट दी जा सकती। आज के समय में पढ़ाई और दूसरी कई जरूरी सूचनाएं भी फोन के जरिये ही मिलती हैं। स्मार्ट फोन जैसी सौगातों-सुविधाओं के अनगिनत फायदे हैं। बस इनका सधा और सीमित इस्तेमाल करने की सीख जरूरी है। समय-समय पर बच्चों की फोन इस्तेमाल करने की आदत पर गौर किया जाए ताकि यह लत न बने। बच्चों की डिजिटल फास्टिंग इस फ्रंट पर मददगार बन सकती है।

### समय रहते चेतें अभिभावक

एक सीमा के बाद बच्चों को मोबाइल की लत से बिना विशेषज्ञों की सलाह और सहायता के नहीं निकला जा सकता। पैरेंट्स का समय रहते चेतना आवश्यक है। बच्चा स्मार्ट फोन के साथ कितना समय बिता रहा है? क्या कंटेंट देख रहा है? फोन छोड़ने की हिदायत पर उसका बर्ताव कैसे बदलता जा रहा है? बच्चे के व्यक्तित्व में किस तरह के डिसऑर्डर होने लगे हैं? नजर कमजोर होने, मोटापा बढ़ने और शारीरिक पोश्चर बिगड़ने जैसी शारीरिक परेशानियां क्यों होने लगी हैं? जैसी बातों पर ध्यान देना जरूरी है। आमतौर पर आस-पास होते हुए भी पैरेंट्स ऐसी बातों और बदलावों पर जरा देर से ध्यान देते हैं। जबकि तकनीकी गैजेट्स के घेरे में आते बच्चों में आदत से लत बनने की स्थितियों में माता-पिता का अलर्ट रहना जरूरी है। बच्चों को समय-समय पर डिजिटल फास्टिंग करवाने से यह जानना-समझना आसान हो जाता है कि घर के छोटे सदस्य स्मार्ट गैजेट्स पर कितना निर्भर हुए हैं? डिजिटल फास्टिंग में बच्चे इन तकनीकी साधनों से जरा भी दूर न रह पाएं तो स्पेशलिस्ट से परामर्श लेकर बालमन को इस जाल से निकालने में देरी नहीं करनी चाहिए।



### साथ-स्नेह का भाव

अभिभावक का नियमित संवाद बच्चों को डिजिटल फास्टिंग में मदद करता है। आपसी बातचीत में बच्चों को डिजिटल मीडिया के खतरों को समझाने वाला परिवेश बनाया जा सकता है। इस सधेपन को लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाए बिना बच्चों को स्क्रीन के मोहपाश से नहीं निकाला जा सकता। स्मार्ट गैजेट्स के सही इस्तेमाल के लिए बच्चों को शारीरिक सक्रियता की ओर मोड़ना भी आवश्यक है। डांटने या गुस्सा करने के बजाय अभिभावक खुद उनके साथ आउटडोर गेम खेलने जाएं। मोबाइल की लत बच्चों का पढ़ाई से ध्यान भटकाने के साथ ही रिशतेदारों और दोस्तों से ही नहीं, अभिभावकों से भी दूर कर रही है। बहुत ज्यादा समय गेम खेलने और वीडियो देखने में बिताने वाले बच्चे एक अलग ही संसार में रहने लगते हैं। डिजिटल फास्टिंग का रूल और घर के बड़ों का स्नेह-साथ ही बालमन को वर्चुअल भूलभुलैया से बाहर ला सकता है। दिन के कुछ घंटे, सप्ताह का कोई दिन या वीकेंड आदि फोन स्क्रीन से दूर अपनों संग बिताने का नियम बनाएं।

# लॉस एंजिलिस में मिलने का वादा

विशाल स्टेड डी फ्रांस एक कॉन्सर्ट हॉल की तरह लग रहा था जहां एक रंगारंग समारोह के साथ ओलंपिक खेलों ने चार साल बाद लॉस एंजिलिस में नए जोश और जज्बे के साथ मिलने के वादे के साथ पेरिस को अलविदा कहा। सीन नदी पर लगभग चार घंटे तक चले उद्घाटन समारोह में जहां इस शहर के वास्तुशिल्प और देश की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया गया था वही समापन समारोह भी उसी तरह से मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। मेगा स्टार टॉम क्रूज समेत हॉलीवुड के कई अन्य सितारों की उपस्थिति ने इसे और जीवंत बना दिया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा, यह ओलंपिक खेल शुरू से लेकर आखिर तक रोमांच से भरपूर रहे। इन खेलों ने हमें दिखाया कि इंसान कितने बड़े आयोजन करने में सक्षम है। आपने एक दूसरे को गले लगाया, एक दूसरे को पूरा सम्मान दिया। भले ही आपके देश अलग-अलग हों, भले ही उनमें संघर्ष चल रहा हूं लेकिन आपने दिखाया कि इससे भी बेहतर दुनिया है। इसके लिए आपका आभार। लेकिन उन्होंने निराश नहीं किया। वह मिशन इंपॉसिबल के थीम गीत के साथ मैदान पर उतरे। उन्होंने स्टार जिमनास्ट सिमोन बाइल्स से ओलंपिक ध्वज लिया और उसे बाइक पर पेरिस की सड़कों से होते हुए लॉस एंजिलिस के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार मालवाहक विमान तक ले गए। इसके बाद एक साइकिल चालक ध्वज को चार बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता माइकल जॉनसन के पास ले गया, जिन्होंने उसे वेनिस बीच पर स्केटबोर्डिंग लीजेंड जैगर ईटन को सौंपा। इससे पहले थॉमस जॉली द्वारा तैयार किए गए दो घंटे के कार्यक्रम की शुरूआत एक संगीतमय गीत के साथ हुई जिसमें फ्रांसीसी गायक जाहो डी सगाजन ने मशहूर ह्यसूस ले सिएल डे पेरिसह्व गीत गाया। इसके बाद 205 देशों के ध्वजवाहकों ने अपने साथी खिलाड़ियों के साथ स्टेडियम में प्रवेश किया। खिलाड़ी ध्वज लहरा रहे थे और एक दूसरे से मिल रहे थे। कुछ खिलाड़ी इस यादगार समारोह की तस्वीर लेने में व्यस्त थे। ओलंपिक खेल समग्रता और लैंगिक समानता से भी जुड़े हैं और पेरिस ओलंपिक में समापन समारोह के दौरान स्टेडियम के बीच में महिला मैराथन के विजेताओं को पदक वितरण करके इसे प्रदर्शित किया गया। ओलंपिक खेलों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। महिला मैराथन पेरिस ओलंपिक खेलों की आखिरी प्रतियोगिता थी। आयोजकों ने 45000 स्वयंसेवकों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इन खेलों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ध्वनि और रोशनी के अद्भुत मिश्रण ने समारोह में चार चांद लगाए। यह अलौकिक एहसास पैदा करने वाला दृश्य था।

# वर्क टू होम में चिड़चिड़ापन रोकने के लिये क्या करें?



**कुसुम पी**

इन दिनों अधिकतर लोग घर से ही काम कर रहे हैं। आवश्यकता न होने पर घर से बाहर जाकर काम करना फिलहाल सुरक्षित भी नहीं है। ऐसे में जब पिछले साल लोग घर से काम कर रहे थे तब तो सबकुछ बहुत अच्छा था क्योंकि इस वर्ष लोगों के लिए यह सामान्य हो चुका है, साथ ही बाहरी माहोल से भी लोग परेशान होते रहते हैं लेकिन ऐसे में इस बात का प्रभाव आपकी पत्नी पर पड़े, यह भी तो बिल्कुल जायज नहीं है इसलिए बहुत जरूरी है कि आप इस बात पर गौर फरमाएं कि आप भी तो कहीं घर पर रहते हुए यह चीजें नहीं करते हैं?

### चिढ़चिढ़ करना

यदि आप घर पर काम करते वक्त चिढ़चिढ़ करने लगे हैं तो थोड़े दिन तो कोई भी सह लेगा, आपसे प्यार से रहेगा लेकिन कुछ दिनों बाद यह बर्दाश्त के बाहर होगा क्योंकि जिस तरह आप परेशान हो रहे हैं घर में रहकर वैसे ही आपकी पत्नी भी परेशान होती हैं लेकिन यदि वे जाहिर नहीं कर रही हैं तो तय बात है कि वे आप के और अन्य लोगों के बारे में सोच रही हैं तो आपको भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

### मनमानी करना

ध्यान रखें कि जितना घर आपका है, उतना ही आपकी पत्नी का भी है। ऐसे में सिर्फ इसलिए आप अपनी मनमानी करें कि आप घर पर रह रहे हैं तो यह व्यवहार बिल्कुल भी उचित नहीं है। उनकी इच्छाओं और दिनचर्या का भी सम्मान करें। पूरे घर को अपने हिसाब से चलाने का आपका प्रयास व्यर्थ है। सबके अनुसार घर में रहें।




### आदेश देना

यदि आप काम करते वक्त एक जगह पर बैठ जाते हैं और उसके बाद हर बात के लिए अपनी पत्नी को आदेश देते रहते हैं तो तय बात है कि एक दिन पत्नी आप पर गुस्सा हो जाएगी कि क्योंकि उनके भी अपने खुद के बहुत सारे काम हैं और छोटे-मोटे खुद के काम व्यक्ति को स्वयं ही करना चाहिए। यदि आप आदेश रहे हैं तो यह बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है। यदि वे खुद से आपके काम करती हैं तब बात अलग है।

### हर बात में हस्तक्षेप करना

यदि सिर्फ इसलिए कि आप दिनभर ऑफिस में रहते हैं और आपको पता नहीं होता है कि आपकी पत्नी किस तरह घर के काम करती हैं आप उन्हें बात-बात पर ज्ञान देने या उस काम को करने का तरीका बताने लगते हैं तो यह कोई अच्छी बात नहीं है। सोचकर देखिए यदि वे आपके काम में बार-बार हस्तक्षेप करें जबकि उनको उस विषय में इतनी जानकारी भी न हो तो आपको कैसा महसूस होगा इसलिए इस बात का विशेष ख्याल रखें।




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

स्पीड न्यूज

## मन्नतें पूरी होने पर युवकों ने बेधा जीभ

■ राहे में मनसा पूजा की धूम



**राहे।** प्रखंड में मनसा पूजा की पूजा विधि विधान से शनिवार को सम्पन्न हो गया है। माता मनसा के भक्त और श्रद्धालुओं ने राहे बड़ा तालाब से झापन का उठाव किया। इस दौरान युवक ओर युवतियो ने जीभ बेध कर तालाब से पूजा स्थल तक भक्तिमय होकर गये। मान्यता है कि मन्नत पूरी होने पर घर के सदस्य जीभ बेधन करते है। राहे- गोमदा के नीचे टोली में दो जगहों पर माता मनसा की प्रतिमा स्थापित किया गया। झापन उठाव के बाद देर शाम को स्थापित प्रतिमा स्थल पर विधि विधान से माता की पूजन किया।

## बेड़ो घाघरा में बारिश से गिरा घर

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में तीन दिनों से दोपहर बाद हो रही लगातार बारिश से घाघरा गांव के रेहाना खातून पति वसीम उदार का कच्चा मकान बारिश के बीच शुक्रवार रात्रि गिर गया। रेहाना खातून के घर गिरने से उनके समक्ष एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वही बारिश के बाद गिरे घर को दिखाते हुए भुक्तभोगी रेहाना खातून ने बताया कि वे अपने परिजनों के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान शुक्रवार की रात करीब 12 से 1:00 के बीच घर का मिट्टी एक साइड से धीरे-धीरे गिरकर पूरी तरह गिर गया। वही घर के मिट्टी के गिरने से घर में रखें कई घरेलू सामान दबाकर बर्बाद हो गया। इधर भुक्तभोगी रेहाना खातून ने क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा देने को लेकर गुहार लगाई है।

## जेनेट अकेडमी में राखी प्रतियोगिता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज स्थित जेनेट अकेडमी में भाई बहन का पावन त्योहार रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को आकर्षक राखी बना कर तैयार करने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को रक्षाबंधन पर्व के पूर्व बच्चों में प्रेम और एकता की भावना को लेकर राखी बनाई गयी। कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत गर्व के साथ अपनो के बीच कलाई पर राखी बांधी। मौके पर विद्यालय के तरफ से ऋषि प्रसाद और हिमालिनी वर्मा सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## रातू : दुर्गा वाहिनी ने थानेदार को बांधी राखी

**रातू।** विश्व हिंदू परिषद महिला विंग दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति ने शनिवार की शाम थानेदार शशिभूषण चौधरी को तिलक लगाकर कलाई में राखी बांध बहनों के साथ न्याय और सुरक्षा की मांग की।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ओपीडी बंद कर चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

## कोलकाता में महिला चिकित्सक से हैवानियत पर कहा आरोपी को हो फांसी

### न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** कोलकता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना के विरोध में राज्यभर के स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी सेवा बंद के समर्थन में उतरे सीएचसी ओरमांझी के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। पोस्टर लिए चिकित्सक, एएनएम व महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई हैवानिय की घटना के प्रति आक्रोश जताया गया। वहीं पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी किया। वहीं सीएचसी में आज ओपीडी सेवा बंद रहने की जानाकरी देते हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल चिकित्सा प्रभारी डा. रेनु बाखला कहा चिकित्सक दूसरों की जान बचाते हैं। चिकित्सकों को धरती पर ईष्वर की दर्जा दी जाती है। ऐसे में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या जैसी घटना काफी पिड़ा दायक है। वहीं प्रदर्शन में शामिल एएनएम व महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने घटना को अंजाम देने व कोलकता में विरोध प्रदर्शन करने वालों की पिटाई व हॉस्पिटल में तोड़-फोड़ करने वालों को जल्द गिरफ्तार करने और दुष्कर्म व हत्या की घटना को अंजाम देने वालों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में डॉ जेसिका डेन, डॉ राजेश कुमार, डॉ इसरत जहां, डॉ रूबी चोरेन, डॉ शरीन व कई एएनम व महिला स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।



विरोध प्रदर्शन करते चिकित्सक व महिला स्वास्थ्य कर्मी।

### चिकित्सकों के हड़ताल से मरीज परेशान

**बेड़ो।** कोलकाता में हुए महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सकों ने हड़ताल का निर्णय लिया है। वहीं प्रदेश संघ के आह्वान पर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी सेवा बंद कर चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर चले गए। जिस कारण बेड़ो प्रखंड सहित अन्य प्रखंड के दर्जनों मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल में चले जाने से स्वास्थ्य सेवा पर असर पड़ा। सीएचसी की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप हो गई। इलाज के लिए पहुंचे मरीजों में क्रमश: इटकी के राहुल केरकेट्टा व रीता लकड़ा, बेड़ो टेरो की मंगरी उरांव केशा से हलीजा खातून,नरकोपी के नजमा खातुन व अजमीना खातुन,टेरो महुगांव के चरवा उरांव व तुको के रोहणी कुमारी को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा।



# ग्रामीणों ने बालूमाथ पुलिस को तीन घंटे बंधक बनाया

### वर्दी उतरवाने की दी धमकी, मामला सीसीटीवी में कैद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बालूमाथ थाने के एक नामजद अभियुक्त सागर राम को गिरफ्तार करने अनन्या सिटी पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने तीन घंटे तक बंधक बनाया। बदसलूकी की सारी हदें पार करते हुये आरोपी को भगा दिया गया और वर्दी उतरवाने की धमकी भी दी गयी। घटना 16 अगस्त दिन के करीब 10 बजे की है। मामले को लेकर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार ने रातू थाने में तीन नामजद समेत 20-25 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें आरोपित की पत्नी अरुणा, मकान मालिक सुरेश सिंह की पत्नी निर्मला सिंह व बेटी सृष्टि सौम्या शामिल हैं। बताते चलें, कि सुरेश सिंह के घर में लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हो गया है। आरोपियों की ओर से फुटेज डिलीट करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक, बालूमाथ निवासी सागर राम के विरुद्ध स्थानीय थाने में जालसाजी को लेकर कांड संख्या 207/2019 दर्ज है। छह साल से फरार आरोपी के बारे में शुक्रवार की सुबह श्री कुमार को खबर मिली कि वह रातू स्थित अनन्या सिटी के सुरेश सिंह के मकान में बतौर किरायेदार परिवार के साथ रहता है और सफेद स्कार्पियो जेएच 01 सीसी 0041 से आया हुआ है।

**तीन नामजद समेत 25 पर केस**

### अधिकारियों को दी सूचना

विक्रांत कुमार ने विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। उन्होंने संहा दर्ज कर एसआई अमित कुमार रविदास और सशस्त्र बल के साथ सागर राम की गिरफ्तारी के लिये निकल पड़े। दलादिली के ओपी प्रभारी अजय कुमार दास से मदद के लिये फोन किया। दास ने स्वयं पहुंचने की बात कही। पीसीआर 29 भी वहां आ गयी। दरवाजे अंदर से बंद थे। गैरेज में स्कार्पियों खड़ी थी। बेल बजाने पर निर्मला, सृष्टि व अरुणा दरवाजे तक आयीं। विक्रांत ने सागर को गिरफ्तार करने में उनसे मदद मांगी।

### दुर्व्यवहार का आरोप

तीनों ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार किया। गाली-गलौज की और वर्दी उतरवाने की भी धमकी दी। इस बीच दर्जनों की भीड़ जमा हो गयी। महिला थाने की प्रभारी पिंकी कुमारी के आते ही पुलिस को चारों ओर से घेर लिया गया। इतने में एक संदिग्ध, जिसे सागर राम बताया जा रहा है, यह कहते हुये सटे बिल्डिंग की छत से फरार हो गया कि दुसाद जाति का होने की वजह से अन्याय किया जा रहा है।

## मोबाइल टॉवर से गिरने से युवक की मौत

**बेड़ो।** खत्री खटंगा गांव में शनिवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे जियो मोबाइल के टॉवर से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। युवक टावर पर चढ़कर कुछ तकनीकी काम कर रहा था कि अचानक वह ऊपर से नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान ईंटा पंचायत के हुटरी गांव निवासी 35 वर्षीय सुधीर तिर्की, पिता स्व अमृत शरण तिर्की के रूप में हुई है। सुधीर तिर्की शनिवार को टॉवर पर तकनीकी काम के लिए चढ़ा था कि अचानक नीचे गिर गया। घटना के बाद उसे बेड़ो सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसे में बाल-बाल बचे मांडर सीओ

### स्विफ्ट कार क्षतिग्रस्त ओरमांझी का है ट्रक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** फन कैशल पार्क के समीप शनिवार की शाम सवा पांच बजे मांडर से स्विफ्ट कार जेएच 02 बीए 2717 में रांची लौट रहे सीओ राजेंद्र कुमार दास सड़क हादसे में बाल-बाल बचे, लेकिन कार के दाहिने हिस्से के परखच्चे उड़ गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक ओरमांझी के विकास निवासी भरत कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक बीआर 03 जीए 7327 को जब्त कर लिया गया है। श्री दास के बयान पर रातू थाने में चालक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बताते चलें कि 15 दिन पूर्व ही वह सीओ के पद पर पदस्थापित हुये हैं।

### कैसे घटी घटना



ऑफिस छुट्टी होने के बाद पांच बजे सीओ अपनी कार से आ रहे थे। पार्क के समीप उन्होंने संतुलन खो दिया। इस बीच समान दिशा से कोयला लेकर रांची लौट रहे 12 चक्का ट्रक ने कार के दाहिने दोनों गेट को टक्कर मार दी। हादसे की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैली और देखते ही देखते सैकड़ों की भीड़ जमा हो गयी। मांडर पुलिस ने कार और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## महिला के गले से सोने के चेन की छिनतई

रातू। रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय राज मार्ग स्थित हर्षित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के समीप ललित ग्राम की तारामणि उरांव से मोटर साइकिल सवार दो अपराधियों ने गले से सोने की चैन स्नैचिंग कर फरार हो गये। घटना शनिवार रात करीब आठ बजे की है। जानकारी मुताबिक पीड़िता बाजार से सामान खरीद कर पैदल घर लौट रही थी। जैसे ही वह हॉस्पिटल के समीप पहुंची, पीछे से बाईक सवार दो स्नैचर पहुंचे और उनके गले से चेन झपट तेजी के साथ काठीटांड़ चौक की ओर भाग निकले। शोर मचाने पर दर्जनों लोग जुटे, तब तक अपराधकर्मी काफी दूर निकल चुके थे। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की टेलोफिनिक सूचना दी गयी। पीड़िता ने बताया कि चेन 10 ग्राम का था। मामले को लेकर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## 100 बेड के छात्रावास भवन का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के सालहन पंचायत अन्तर्गत बेडवारी गांव स्थित मॉडल स्कूल का 100 बेड का छात्रावास का शिलान्यास सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। 2.59 करोड़ की लागत से शिक्षा विभाग द्वारा छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा । मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है शिक्षा के बिना संस्कार नहीं मिलता है। और संस्कार से हीं लोगों को मान मयार्दा मिलती है। उन्होंने कहा कि नया भारत का निर्माण हुआ है। गुणवक्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव , 28 करोड़ की लागत से लड़कियों के लिए 200 बेड का हॉस्टेल निर्माण, पांच हजार लोगों के पढ़ने के लिए बनाए जा रहे लाईब्रेरी इत्यादि की जानकारी दी। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए छात्रावास का निर्माण जरूरी था।

## शहीद अहमद बने कांग्रेस चुनाव कमेटी के सदस्य

**पिस्कानगड़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर नगड़ी निवासी शहीद अहमद को रांची जिला कांग्रेस कमेटी चुनाव समिति का सदस्य चुना गया है। उक्त समिति रांची जिला अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों से प्रत्याशी बनाए जाने हेतु आवेदकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्ति एंव समीक्षा कर अग्रसारण संबंधी सभी तरह के चुनाव कार्यों के लिए अधिकृत होंगे। इनके चयन पर नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया।

# भारत भ्रमण पर साइकिल से निकला युवक

### बच्चों की शिक्षा को लेकर करा रहा ध्यान आकृष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** स्कूल से दूर रहने वाले बच्चों की शिक्षा और गांव शहर में भटकने वाले विक्षिप्तों के रहने खाने की व्यवस्था को लेकर असम के गुवाहाटी से साइकिल यात्रा पर निकले 43 वर्षीय विपुल कलिता शनिवार को रांची से छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में इटकी मोड़ पहुंचे। जहां नीरज साही, बिक्की घोष, पवन गोप, दशरत केरकेट्टा ने विपुल कलिता का जोरदार स्वागत किया। विपुल कलिता ने अपने अनोखे यात्रा के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि गूगल के मुताबिक करीब 14 लाख बच्चे भारत में शिक्षा से दूर हैं। स्कूल से दूर रहने वाले इन बच्चों में से कुछ नशे की आदी हो जाते हैं और चोरी उचक्का करते हैं। बड़े होकर यह जुर्म की दुनिया में कदम रखते हैं। ऐसे बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था और गांव शहर में भटक रहे विक्षिप्तों के रहने खाने की व्यवस्था के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से इस यात्रा को शुरू किया है ताकि सरकार तक उनकी बात पहुंच सके। असम के गुवाहाटी जिला के नूनभाति के रहने वाले बिपुल यात्रा के दूसरे फेज में 7 जुलाई 2024 को अपने घर से यात्रा शुरू कर साइकिल से देश के विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर रहे हैं। ताकि उनकी मांग और यात्रा का उद्देश्य सरकार तक पहुंच सके। बिपुल बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड से होते हुए असम पहुंच कर यात्रा का समापन करेंगे। इससे पूर्व विपुल 2 अप्रैल 2023 को अपनी पहली साइकिल यात्रा प्रारंभ किया था जो बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल सहित अन्य राज्यों में करीब 11 हजार किलोमीटर की यात्रा 25 फरवरी 2024 को पूरा किया।



# बच्चों ने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध जाना पर्यावरण का महत्व

### बचपन से ही पर्यावरण व देशभक्ति महत्व जानना जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** विद्या निकेतन नेवरी विकास के बच्चों ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण व राष्ट्रीयता के महत्व को जाना। शनिवार को विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधने के दौरान कई बच्चे पेड़ों से लिपट रहे थे। वहीं कई बच्चे चूम रहे थे। बच्चों के संग पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध विद्यालय के सचिव संतोष महतो ने बच्चों के पेड़ों के प्रति स्नेह व कार्यक्रम के संबंध में बताया। देशभक्ति व पर्यावरण संक्षरण के महत्व को बड़े होने के बाद सिर्फ एक कार्यक्रम के रूप में देखते हैं। पर्यावरण संरक्षण व राष्ट्रीयता के महत्व की जानकारी जब बच्चे छोटे हों तभी से देना जरूरी है। अपने बच्चों को पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधते व पेड़ों के प्रति स्नेह देख उपस्थित अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सरहाना कर रहे थे।



बच्चों के संग रक्षा सूत्र बांधते सचिव संतोष महतो।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

निदेशक राजेश कंडरवार, प्रचार्य उषा किरन टुडू, बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंदन कुमार पंकज, उपप्रचार्य दयामनी कुमारी, महाप्रशासक रूपेश कुमार, आारटीआई अधिकारी मुकेश कुमार कंडवार, स्वाती अंजना टोप्पो, अलका कुमारी, संदीप कुमार महतो, रेहान फजल, सुनिता किस्पोट्टा, निर्मला कुमारी, सलमा टुडू, मनोज कुमार राणा, नित्यानन्द कोईरी, रचना कुमारी, सीमा सिन्हा, अनिषा खातुन, जन्मजय महतो, सरिता कुमारी, उमा कुमारी, विभा टोप्पो, पिंकी कुमारी, प्रितम कुमारी, रिता कुमारी, सुनिता सिंह, सुप्रिया कुमारी, सुजाता जोजो, अरूण कुमार पाहन, शैलेन्द्र कुमार, मेघा महली आदि उपस्थित थे।

## प्रमोद और उज्जवल की जोड़ी ने जीता कैरम प्रतियोगिता

### अंतर जन जागृति मंच कैरम प्रतियोगिता



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंतर जन जागृति मंच कैरम प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में टाइगर प्रमोद कुमार महतो एवं उज्जवल कुमार की जोड़ी ने नागेंद्र कुमार एवं मोहनलाल महतो की जोड़ी को 3-1 से हराकर ट्रॉफी जीत लिया। विजेता टीम को 1501 रुपये नगद और उपविजेता टीम को 751 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर राज जनरल स्टोर प्रांगण में जन जागृति मंच के संरक्षक नरेश महतो एवं रामेश्वर प्रसाद, संयोजक द्वारा झंडोत्तोलन किया गया और अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने कैरम प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता को पुरष्कृत किया।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष महावीर मुंडा, सचिव अशरफ अंसारी, सह सचिव महेंद्र महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष महेश नायक, उपाध्यक्ष कर्मदेव बैठा, उपाध्यक्ष अजीत महतो, कोषाध्यक्ष बबलू महतो, शिव गोविंद प्रसाद, लगन लाल महतो, मोहनलाल महतो, रामकुमार रजक, अर्जुन महतो, चमनलाल महतो, जगनू महतो, रमेश महतो, राजकुमार महतो, लखन महतो, गोपाल महतो, राजू महतो, लग्नू महतो, फागू प्रजापति, परमेश्वर प्रसाद, राम ओहदार, संजय महतो, बच्ची मानसी, गिन्नी, नैंसी मौजूद थे।

## एक नजर में

### खलारी कोयलांचल में शान से लहराया तिरंगा



**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगा शान से लहराया। इस दौरान खलारी प्रखण्ड में बीडीओ संतोष कुमार, मैकलुस्कीगंज थाना में प्रभारी गोविंद कुमार व खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय सिंह ने तिरंगे को सलामी दी। वहीं डॉन बॉस्को एकेडमी में सहायक प्रचार्य जोशी टीडी, जूनियर डॉन बास्को में केनेथ जेनिंग्स, जेनेट एकेडमी में प्रचार्य रंजीत कुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज इंटर कॉलेज में डाक्टर मीना सहाय, कर्नल एआर सिन्हा, श्रीति जायसवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### विद्यालय भवन का हुआ उद्घाटन



**खलारी।** कंचनजंगा इंटरनेशनल स्कूल मैक्लुस्कीगंज के बच्चों के लिए पठन पठान के लिए निदेशक कमल मुंडा ने नए विद्यालय भवन का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के रूप में शेखर बोस, पूर्व विंग कमांडर आरके प्रसाद, बीएन पांडेय, फादर हुबेट बेट, फादर देवनिष खेस, सहित शिक्षक शुशांत पाठक, शशिकांत कुमार, संतोष कुमार, प्रियमदा कुमारी, विनीता कुमारी, नेहा मुंडा, सुषमा कुमारी, गीता कुमारी व अन्य ने फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर विद्यालय परिसर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को निदेशक ने सम्मनित किया।

### ओरमांझी में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन



अखंड कीर्तन में शामिल अमर बावरी।

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा आयोजित दुर्गा महादेव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शनिवार को शुरू हुई, और दूसरे दिन रविवार को सुबह आठ बजे समाप्त होगी। अखंड हरिकीर्तन में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न कीर्तन मंडलियों के साथ गांव की महिलाएं भी शामिल हुई। वहीं कीर्तन में विशेष रूप से पहुचे नेता प्रतिपक्ष चंदनक्यारी के विधायक सह पूर्वमंत्री अमर बावरी ने कीर्तन किया और कहा सनातन धर्म संस्कृति में महिलाओं की भूमिका काफी महत्व रही है। अखंड कीर्तन में महिलाओं का शामिल होना व उत्साह धर्म की जागृति के लिए जरूरी है। इनके अलावा राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा की नेत्री आरती कुजूर, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीरज नायक, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, मानकी राजेंद्र शाही, पससं ललिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक शामिल हुए।

### ग्रोशरी शॉप एसएस सुपर मार्ट का उद्घाटन

**अनगड़ा।** ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सह भाजपा नेता उमेश बड़ाइक ने शनिवार को जैप टू चतरा ग्रोसरी शॉप एसएस सुपर मार्ट का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर राजेश कुमार मिश्रा ग्राम प्रधान किष्टो कुजूर अजय महतो इत्यादि उपस्थित थे।



पांडू प्रखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।

**महबूब अली**

निवेदक : सी आर पी महबूब अली सी आर सी डाला कलां प्रखंड पांडू पलामू

हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों समेत समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**कर्नल डॉ संजय सिंह**

प्रदेश संयोजक भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ सह संरक्षक किसान ब्रिगेड।

78 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के पावन अवसर पर समस्त चंदवा प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ संस्कार निर्माण कराना लक्ष्य

शिक्षक परिवार चंदवा

फादर जोसेफ एक्का - प्राचार्य ख्रीस्त राजा विद्यालय चंदवा

विजय कुमार - प्रधानाचार्य प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवा

पंकज यादव - प्रधानाचार्य परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवा

कस्तूरबा गांधी - आवासीय विद्यालय परिवार चंदवा

देरोथिया खलखो - प्रधानाध्यापक बालिका उच्च विद्यालय चंदवा

अनूप बड़ाइक - प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटाप

सोमर उरांव - प्रधानाध्यापक मवि आन

केदार नाथ महतो - प्रधानाध्यापक बालिका मध्य विद्यालय चंदवा

राधिका कुमारी - प्रधानाध्यापिका मध्य विद्यालय चंदवा

ईश्वर मिस्त्री - प्रभारी प्रधानाध्यापक उमवि महुआमिलान

विनोद कुमार पांडेय - प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय दामोदर

फादर वासिल डुंगडुंग - प्राचार्य, ख्रीस्त राजा इंग्लिश मीडियम स्कूल चंदवा

मध्य विद्यालय परिवार बारी चंदवा

78वां स्वतंत्रता दिवस पर समस्त लातेहार जिला व प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आइये हम सभी मिलकर लातेहार जिले के विकास में अपनी भुमिका निभाएं एवं लातेहार प्रखंड को राज्य का सबसे आदर्श व विकसित प्रखंड बनायें

मनोज तिवारी - प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार

अरविंद देवाशीष टोप्पो - अंचल अधिकारी लातेहार

रघुनंदन राम - प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लातेहार

जन वितरण - प्रणाली संघ लातेहार

हीरा सिंह - लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कालीचरण सिंह - सांसद सह अध्यक्ष

प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी - प्राचार्य

बनवारी साहु महाविद्यालय लातेहार

कृष्णा प्रसाद गुप्ता - एनजीओ अध्यक्ष

अंजू गुप्ता - सचिव

विश्रामपुर विधानसभा समेत पूरे देशवासियों को 78 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**रामाशीष यादव**

भाजपा नेता सह युवा समाजसेवी 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र।

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बंशी यादव**

महामंत्री भाजपा लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

एस एस एन मेमोरियल एकेडमी पतरिया चोटाग लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**पंकज सिंह**

भाजपा जिला अध्यक्ष लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अरूण दूबे**

जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**संजीत कुमार**

जिला खेल पदाधिकारी लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**कार्यपालक अभियंता**

भवन प्रमण्डल, लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रश्मि लकड़ा**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**नगर पंचायत**

लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**जिला खनन**

विभाग परिवार लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**उमेश कुमार दूबे**

वन क्षेत्र पदाधिकारी (सामाजिक वाणिकी प्रक्षेत्र लातेहार)

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**प्रदीप कुमार**

कार्यपालक अभियंता एनआरईपी लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**प्रिंस कुमार**

जिला शिक्षा पदाधिकारी लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**एन. के. मेहता**

वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**डॉ. अवधेश सिंह**

सिविल सर्जन लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**दीपक कुमार महतो**

कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**कार्यपालक अभियंता**

ग्रामीण कार्य विभाग लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**कार्यपालक अभियंता**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार

विद्यालय परिवार की ओर से 78 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अरूण कुमार चौधरी**

प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**डॉ. विवेक विद्यार्थी**

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार

78 वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सुरेन्द्र कुमार**

जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार

78वां स्वतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अरविंद कुमार वर्मा**

कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, लातेहार







# भइया मेरे, राखी के बंधन को निभाना



**रक्षाबंधन का अर्थ है (रक्षा+बंधन) यानी किसी को अपनी रक्षा के लिए बांध लेना। इसीलिए राखी बांधते समय बहन कहती है- 'भैया! मैं तुम्हारी शरण में हूं, मेरी सब प्रकार से रक्षा करना।' आज के दिन बहन अपने भाई के हाथ में राखी बांधती है और उन्हें मिठाई खिलाती है। फलस्वरूप भाई भी अपनी बहन को रुपये या उपहार आदि देते हैं। रक्षाबंधन स्नेह का वह अमूल्य बंधन है जिसका बदला धन तो क्या सर्वस्व देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। भारतीय परंपरा में विश्वास का बंधन ही मूल है और रक्षाबंधन इसी विश्वास का बंधन है। यह पर्व मात्र रक्षा-सूत्र के रूप में राखी बांधकर रक्षा का वचन ही नहीं देता बल्कि प्रेम, समर्पण, निष्ठा व संकल्प के जरिए हृदयों को बांधने का भी वचन देता है। पहले रक्षाबंधन बहन-भाई तक ही सीमित नहीं था, अपितु आपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए अथवा किसी की आयु और आरोग्य की वृद्धि के लिए किसी को भी रक्षा-सूत्र (राखी) बांधा या भेजा जाता था। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि- 'मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव'- यानी 'सूत्र' अविच्छिन्नता का प्रतीक है, क्योंकि सूत्र (धागा) बिखरे हुए मोतियों को अपने में पिरोकर एक माला के रूप में एकाकार बनाता है। माला के सूत्र की तरह रक्षा-सूत्र (राखी) भी लोगों को जोड़ता है। गीता में ही लिखा गया है कि जब संसार में नैतिक मूल्यों में कमी आने लगती है, तब ज्योतिर्लिंगम भगवान शिव प्रजापति ब्रह्मा द्वारा धरती पर पवित्र धागे भेजते हैं, जिन्हें बहनें मंगलकामना करते हुए भाइयों को बांधती हैं और भगवान शिव उन्हें नकारात्मक विचारों से दूर रखते हुए दुख और पीड़ा से निजात दिलाते हैं।**

**18 या 19 अगस्त, राखी बांधने का शुभ मुहूर्त : इस साल रक्षाबंधन 19 अगस्त, सोमवार को मनाया जाएगा।रक्षा बंधन भाई-बहनों के बीच के अनूठे बंधन का एक आनंदमय उत्सव है, जो प्यार, हंसी और यादों से भरा है। इस दिन, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर एक पवित्र धागा राखी बांधती हैं। यह धागा सुरक्षा और आजीवन देखभाल का प्रतीक है। बदले में भाई अपनी बहनों की रक्षा और समर्थन करने की प्रतिज्ञा करते हैं और प्यार के प्रतीक के रूप में उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। यह त्योहार परंपरा और भावनाओं का एक जीवंत मिश्रण है, जहां परिवार इकट्ठा होते हैं, मिठाइयां बांटी जाती हैं। इस साल रक्षाबंधन 19 अगस्त, सोमवार को मनाया जायेगा।**

**रक्षा बंधन 2024: शुभ समय या शुभ मुहूर्त द्रिक पंचांग के अनुसार, राखी बांधने का सबसे अनुकूल समय अपराह्न काल के दौरान होता है, जो दोपहर के समय पड़ता है।**

## शास्त्रों में रक्षाबंधन

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

श्रावण की पूर्णिमा को एक कृत्य होता है, जिसे 'रक्षाबंधन' कहते हैं। श्रावण की पूर्णिमा को सूर्योदय के पूर्व उठकर देवों, ब्राह्मणों एवं पितरों का तर्पण करने के उपरांत अक्षत, तिल, धागों से युक्त रक्षा बनाकर धारण करना चाहिए। राजा के लिए महल के एक वर्गाकार भूमि-स्थल पर जल-पात्र रखा जाना चाहिए, राजा को मंत्रियों के साथ आसन ग्रहण करना चाहिए, वेश्याओं से घिरे रहने पर गानों एवं आशीर्वचनों का तांता लगा रहना चाहिए। देवों ब्राह्मणों एवं अस्त्र-वस्त्र का सम्मान किया जाना चाहिए। उसके बाद राजपुरोहित को चाहिए कि वह मन्त्र के साथ 'रक्षा बांधे' और कहे- 'आपको वह रक्षा बांधता हूं, जिससे दानवों के राजा बलि बांधे गये थे, हे रक्षा, तुम (यहां से) न हटो, न हटो।' सभी लोगों को यहां तक शूद्रों को भी, यथाशक्ति पुरोहितों को प्रसन्न करके रक्षा-बन्धन बंधवाना चाहिए। जब ऐसा कर दिया जाता है तो व्यक्ति वर्ष भर प्रसन्नता के साथ रहता है।

हेमाद्रि ने भविष्योत्तर पुराण का उद्धरण देते हुए लिखा है कि इंद्राणी ने इंद्र के दाहिने हाथ में रक्षा बांधकर उसे इतना योग्य बना दिया कि उसने असुरों को हरा दिया। जब पूर्णिमा चतुर्दशी या आने वाली प्रतिपदा से युक्त हो तो रक्षा-बंधन नहीं होना चाहिए। इन दोनों से बचने के लिए रात्रि में ही यह कृत्य कर लेना चाहिए। यह कृत्य अब भी होता है और पुरोहित लोग दाहिनी कलाई में रक्षा बांधते हैं और दक्षिणा



प्राप्त करते हैं। सभी जगहों की नारियां अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा बांधती हैं और भेंट लेती-देती हैं। श्रावण की पूर्णिमा को पश्चिमी भारत (विशेषतः कोंकण एवं मलाबार में) न केवल हिंदू, प्रत्युत मुसलमान एवं व्यवसायी पारसी भी, समुद्र तट पर जाते हैं और समुद्र को पुष्प एवं नारियल चढ़ाते हैं। श्रावण की पूर्णिमा को समुद्र में तूफान कम उठते हैं और नारियल इसीलिए समुद्र-देव (वरुण) को चढ़ाया जाता है कि वे व्यापारी जहाजों को सुविधा दे सकें।



## रक्षाबंधन पर रहेगा भद्रा का साया

इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहेगा तथा अल्पकालिक मुहूर्त रहेगा। शास्त्रानुसार रक्षाबंधन का पवित्र पर्व अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा में भद्रा रहित करना शुभप्रद होता है। 30 अगस्त को भद्रा सुबह 10:57 से रात्रि 9:03 तक रहेगी तथा पूर्णिमा भी सुबह 10:59 से दूसरे दिन (31 अगस्त) सुबह 7:06 तक रहेगी। यदि प्रथम दिन व्याप्त पूर्णिमा के अपराह्न काल में भद्रा हो तथा द्वितीय दिन उदयकालिक पूर्णिमा त्रिमुहूर्त-व्यापिनी हो तो उसी उदितकालीन पूर्णिमा के अपराह्नकाल में रक्षाबंधन करना शुभ होता है। यदि दूसरे दिन उदितकालीन पूर्णिमा त्रिमुहूर्त-व्यापिनी न हो तो प्रथम दिन पूर्णिमा में भद्रा समाप्त होने पर प्रदोषकाल में रक्षाबंधन किया जाना चाहिए। प्राचीन परंपरानुसार उदितव्यापिनी पूर्णिमा के दिन प्रात:काल ही रक्षाबंधन पर्व मनाने का प्रचलन है तथापि 31 अगस्त को त्रिमुहूर्त-न्यून उदयकालिक पूर्णिमा में



रक्षाबंधन करना शास्त्रानुसार सही नहीं होगा। 30 अगस्त को प्रदोषकाल के समय भद्रारहित काल में रात्रि 9:03 के उपरांत रक्षाबंधन पर्व मनाना शुभ होगा। क्योंकि निर्णयामृतह्न एवं धर्मसिंधु के अनुसार-प्रदोष काल के बाद भद्रारहित काल रात 9:03 के बाद रक्षाबंधन शुभ होगा।

### रक्षाबंधन का धार्मिक महत्त्व

रक्षाबंधन का पर्व प्रत्येक भारतीय घर में उल्लासपूर्ण वातावरण से प्रारंभ होता है। राखी, पर्व के दिन या एक दिन पूर्व खरीदी जाती है। पारंपरिक भोजन व व्यंजन प्रातः ही बनाये जाते हैं। प्रातः शीघ्र उठकर बहनें स्नान के पश्चात भाइयों को तिलक लगाती हैं तथा उसकी दाहिने कलाई पर राखी बांधती हैं। इसके पश्चात भाइयों को कुछ मीठा खिलाया जाता है। भाई अपनी बहन को भेंट देता है। बहन अपने भाइयों को राखी बांधते समय सौ - सौ मनौतियां मनाती हैं।

### उपाकर्म संस्कार

इसके अतिरिक्त इस दिन ऋषि - महर्षि उपाकर्म कराकर व्यक्तियों को विद्या- अध्ययन कराना आरंभ करते हैं। दूध, दही, घी, गोबर और गऊ मूत्र मिलाकर पंचगव्य बनाते हैं और उसे पान करते हैं तथा हवन करते हैं। इसे उपाकर्म कहते हैं। उपाकर्म संस्कार कराकर जब व्यक्ति अपने घर लौटते हैं तब बहनें उनका स्वागत करती हैं और उनके दाएं हाथ में राखी बांधती हैं। इस विधान से भी श्रावणी शुक्ल पूर्णिमा को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाता है।

### उत्सर्ज क्रिया

श्रावणी शुक्ल पूर्णिमा को सूर्य को जल चढ़ाकर सूर्य की स्तुति करते हैं तथा अरुन्धती सहित सप्त ऋषियों की पूजा करते हैं और दही - सत्तू की आहुतियां देते हैं। इस क्रिया को उत्सर्ज कहते हैं। यह उत्सर्ज क्रिया भी श्रावणी शुक्ल की पूर्णिमा को होती है।

### ब्राह्मण, पुरोहित और यजमान

रक्षा बंधन के दिन देश में कई स्थानों पर ब्राह्मण, पुरोहित भी अपने यजमान की समृद्धि हेतु उन्हें रक्षा बांधते हैं, जिसकी उन्हें दक्षिणा भी मिलती है। रक्षा बांधते समय ब्राह्मण यह मंत्र पढ़ते है

*येन बद्धो बली राजा, दानवेन्द्रो महाबलः।*
*तेन त्वां प्रतिबध्नामि, रक्षे! मा चल! मां चल!!*

**अर्थ-** जिस प्रकार के उद्देश्य पूर्ति हेतु दानव - सम्राट महाबली, रक्षा - सूत्र से बांधा गया था (रक्षा सूत्र के प्रभाव से वह वामन भगवान को अपना सर्वस्व दान करते समय विचलित नहीं हुआ), उसी प्रकार हे रक्षा सूत्र! आज मैं तुम्हें बांधता हूं। तू भी अपने उद्देश्य से विचलित न हो, दृढ़ बने रहो।

### आधुनिक तकनीक और राखी

आज के आधुनिक तकनीकी युग एवं सूचना संप्रेषण युग का प्रभाव राखी जैसे त्योहार पर भी पड़ा है। कई सारे भारतीय आजकल विदेश में रहते हैं एव उनके परिवार वाले (भाई एवं बहन) अभी भी भारत या अन्य देशों में हैं। इंटरनेट के आने के बाद कई सारी ई-कॉमर्स साइट खुल गयी हैं जो ऑनलाइन आर्डर मंजूर करती हैं एवं राखी दिये गये पते पर पहुंचा दी जाती है। इसके अतिरिक्त भारत में राखी के अवसर पर इस पर्व से संबंधित एनीमेटेड सीडी भी आयी है, जिसमें एक बहन द्वारा भाई को टीका करने व राखी बांधने का चलचित्र है। यह सीडी राखी के अवसर पर अनेक बहनों ने दूर रहने वाले अपने भाइयों को भेजी।

### रक्षाबंधन के विभिन्न स्वरूप

वैसे तो रक्षा बंधन भाई-बहन के प्यार का बंधन है। इसे पूरे देश में बड़े धूम धाम से मनाया जाता है, लेकिन इसके अनेकों नाम हैं।

- मुंबई के कई समुद्री इलाकों में इसे 'नारियल-पूर्णिमा' या 'कोकोनट-फुलमून' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन विशेष रूप से समुद्र देवता पर नारियल चढ़ाकर उपासना की जाती है और नारियल की तीन आंखों को शिव के तीन नेत्रों की उपमा दी जाती है।
- बुंदेलखण्ड में राखी को 'कजरी-पूर्णिमा' भी कहा जाता है। इस दिन कटोरे में जौ व धान बोया जाता है तथा सात दिन तक पानी देते हुए मां भगवती की वंदना की जाती है।
- उत्तरांचल के चंपावत जिले के देवीधूरा मेले में राखी-पर्व पर बाराही देवी को प्रसन्न करने के लिए पाषाणकाल से ही पत्थर युद्ध का आयोजन किया जाता रहा है, जिसे स्थानीय भाषा में 'बग्वाल' कहते हैं।



## पौराणिक कथाओं में रंक्षा बंधन

**भविष्य** पुराण में कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक बार बारह वर्षों तक देवासुर- संग्राम होता रहा, जिसमें देवताओं की हार हो रही थी। दुखी और पराजित इंद्र, गुरु बृहस्पति के पास गये। वहां इंद्र पत्नी शचि भी थीं। इंद्र की व्यथा जानकर इंद्राणी ने कहा- 'कल ब्राह्मण शुक्ल पूर्णिमा है। मैं विधानपूर्वक रक्षासूत्र तैयार करूंगी। उसे आप स्वस्तिवाचन पूर्वक ब्राह्मणों से बंधवा लीजियेगा। आप अवश्य ही विजयी होंगे।' दूसरे दिन इंद्र ने इंद्राणी द्वारा बनाये रक्षाविधान का स्वस्तिवाचन पूर्वक बृहस्पति से रक्षाबंधन कराया, जिसके प्रभाव से इंद्र सहित देवताओं की विजय हुई। तभी से यह 'रक्षाबंधन' पर्व ब्राह्मणों के माध्यम से मनाया जाने लगा। इस दिन बहनें भी भाइयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधती हैं और उनके सुखद जीवन की कामना करती हैं।

### ग्रीक नरेश सिकंदर की कथा

ऐसा कहा जाता है कि ग्रीक नरेश सिकंदर की पत्नी ने अपने पति की रक्षा के लिए उसके शत्रु पुरुराज को राखी बांधी थी। कथानुसार युद्ध के समय पुरु ने जैसे ही सिकंदर पर प्राण घातक आक्रमण किया, उसे उसकी कलाई पर बंधी रक्षा दिखायी दी, जिसके कारण उसने सिकंदर को अभय प्रदान किया और युद्ध में अनेक बार सिकंदर को प्राणदान दिया।



### हमायूं ने रखी राखी की लाज

मध्यकालीन इतिहास में भी ऐसी ही एक घटना मिलती है। चित्तौड़ की हिंदू रानी कर्णावती ने दिल्ली के मुगल बादशाह हुमायूं को अपना भाई मानकर उसके पास राखी भेजी थी। हुमायूं ने उसकी राखी स्वीकार कर ली और उसके सम्मान की रक्षा के लिए गुजरात के बादशाह बहादुरशाह से युद्ध किया। महारानी कर्णावती की कथा इसके लिए अत्यंत प्रसिद्ध है, जिसने हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा के लिए आमंत्रित किया था। रानी कर्णावती ने सम्राट हुमायूं के पास राखी भेजकर उसे अपना भाई बनाया था। सम्राट हुमायूं ने रानी कर्णावती को अपनी बहन बनाकर उसकी दिलो - जान से मदद की थी। राखी के पवित्र बंधन ने दोनों को बहन-भाई के पवित्र



रिश्ते में बांध दिया था। मर्मस्पर्शी कथानुसार, राजपूत राजकुमारी कर्णावती ने मुगल सम्राट हुमायूं को गुजरात के सुल्तान द्वारा हो रहे आक्रमण से रक्षा के लिए राखी भेजी थी। यद्यपि हुमायूं किसी अन्य कार्य में व्यस्त था, वह शीघ्र ही बहन की रक्षा के लिए चल पड़ा। लेकिन जब वह पहुंचा, तो उसे यह जानकर बहुत दुख हुआ कि राजकुमारी के राज्य को हड़प लिया गया था तथा अपने सम्मान की रक्षा हेतु रानी कर्णावती ने 'जौहर' कर लिया था।

### श्रीकृष्ण ने बचायी थी द्रोपदी की लाज



इस त्योहार का इतिहास हिंदू पुराण कथाओं में मिलता है। महाभारत में कृष्ण ने शिशुपाल का वध अपने चक्र से किया था। शिशुपाल का सिर काटने के बाद जब चक्र वापस कृष्ण के पास आया तो उस समय कृष्ण की उंगली कट गयी भगवान कृष्ण की उंगली से रक्त बहने लगा। यह देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़ कर कृष्ण की उंगली में बांधा था, जिसको लेकर कृष्ण ने उसकी रक्षा करने का वचन दिया था। इसी ऋण को चुकाने के लिए दुशासन द्वारा चीरहरण करते समय कृष्ण ने द्रौपदी की लाज रखी। तब से 'रक्षाबंधन' का पर्व मनाने का चलन चला आ रहा है।

### देवी लक्ष्मी ने राजा बलि को बांधी थी राखी

एक अन्य कथानुसार राजा बलि को दिये गये वचनानुसार भगवान विष्णु बैकुण्ठ छोड़कर बलि के राज्य की रक्षा के लिए चले गये। तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मणी का रूप धर श्रावण पूर्णिमा के दिन राजा बलि की कलाई पर पवित्र धागा बांधा और उसके लिए मंगलकामना की। इससे प्रभावित हो बलि ने देवी को अपनी बहन मानते हुए उसकी रक्षा की कसम खायी। तत्पश्चात देवी लक्ष्मी अपने असली रूप में प्रकट हो गयीं और उनके कहने से बलि ने भगवान विष्णु से बैकुण्ठ वापस लौटने की विनती की।

### प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में 'वैश्विक विकास समझौते' का रखा प्रस्ताव

# आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद समाज के लिए गंभीर खतरा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के तीसरे संस्करण में ग्लोबल साउथ देशों को संतुलित और समावेशी विकास में सहायता के लिए एक व्यापक 'वैश्विक विकास समझौते' का प्रस्ताव रखा।





प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समापन भाषण में भारत की ओर से एक व्यापक 'वैश्विक विकास समझौता' का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इस समझौते की नींव भारत की विकास यात्रा और विकास साझेदारी के अनुभवों पर आधारित होगी। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह समझौता ग्लोबल साउथ के देशों द्वारा स्वयं निर्धारित की गई विकास प्राथमिकताओं से प्रेरित होगा। यह मानव केंद्रित होगा और विकास के लिए बहुआयामी होगा और मल्टी-सेक्टोरल दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह डेवलपमेंट फाइनेंस के नाम पर जरूरतमंद देशों को कर्ज तले नहीं दबाएगा। यह पार्टनर देशों के संतुलित और सतत विकास में सहयोग देगा। इस विकास समझौता के तहत हम, विकास के लिए व्यापार, सतत विकास के लिए क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी साझाकरण, परियोजना विशिष्ट कन्सेशनल फाइनेंस और अनुदान इस पर फोकस करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत, व्यापार संवर्धन गतिविधियों में सहायता के लिए 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष फंड की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि क्षमता बिल्डिंग के लिए ट्रेड पॉलिसी और व्यापार वार्ता में ट्रेनिंग उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए एक मिलियन डॉलर का फंड प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों में फाइनेंसियल तनाव और विकास निधि के लिए भारत, एसडीजी प्रोत्साहन नेतृत्व समूह में सहयोग दे रहा है। हम ग्लोबल साउथ को सस्ती और प्रभावी जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए काम करेंगे। हम औषधि नियामक के प्रशिक्षण में भी सहयोग करेंगे। कृषि क्षेत्र में 'प्राकृतिक खेती' के अपने अनुभव और तकनीकी साझा करने में हमें खुशी होगी। मोदी ने कहा कि ग्लोबल नॉर्थ और साउथ के बीच की दूरी को कम करने के लिए कदम उठाएं। अगले महीने, यूएन में होने वाली भविष्य का शिखर सम्मेलन इस सब के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव बन सकता है।

## खबर एक नजर में

### कर्नाटक राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने एमयूडीए जमीन घोटाले में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। भाजपा और जेडीएस का आरोप है कि साल 1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया राज्य के अहम पदों पर रहे और उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया। हालांकि सिद्धारमैया इन आरोपों से इनकार करते रहे हैं। दरअसल, सिद्धारमैया की धर्मपत्नी पार्वती के पास मैसूर के केसारी गांव में तीन एकड़ जमीन थी। इस जमीन को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) ने विकास के लिए ले लिया था। मुआवजे के तौर पर सिद्धारमैया की पत्नी को मैसूर के एक महंगे इलाके में जमीन दी गई थी। ऐसा आरोप है कि पार्वती को आवंटित भूखंड की कीमत, एमयूडीए द्वारा उनसे ली गई जमीन की तुलना में अधिक थी। हालांकि सिद्धारमैया इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि इस मामले में न तो उनका और न ही उनके परिवार का कोई रोल है।

### साबरमती एक्सप्रेस पत्थर से टकरा कर हुई बेपटरी, कोई हताहत नहीं



**नयी दिल्ली/कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में गोविंदपुरी स्टेशन के निकट शनिवार तड़के वाराणसी से अहमदाबाद जा रही 19168 साबरमती एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे गये बड़े पत्थर/बोल्डर से टकरा कर पटरी से उतर गयी हालांकि जानमाल का कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ। दुर्घटना के कारण कानपुर से झांसी का रेलमार्ग बाधित हो गया है। अनेक ट्रेनों को रद्द किया गया है अथवा मार्ग में परिवर्तन किया गया है। रेलवे ने कानपुर, प्रयागराज, टूंडला सहित कई स्टेशनों पर हेल्पलाइनें खोल दीं हैं। रेलवे बोर्ड ने भी घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। प्रथमदृष्टया मामला तोड़फोड़ एवं षड्यंत्र का होने की संभावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस एवं गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) को जांच के लिए कहा गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी युवक को 10 वर्ष की सजा

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिला में बच्चों का लैंगिक अपराध से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के जुर्म में दोषी युवक को आज 10 वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सिमरी थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी असगर अली को 10 वर्षों का सश्रम कारावास और 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास के लिए बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत छह लाख रुपये मुआवजा भुगतान का आदेश भी दिया है। प्रतिकर की राशि का भुगतान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से किया जायेगा।

### मध्य गाजा पट्टी में इजरायल के हमले में 16 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी के अल-जवैदा क्षेत्र में शुक्रवार की रात इजरायल के हमले में कम से कम 16 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने अल-जवैदा के प्रवेश द्वार के पास अल-अजल परिवार का मकान और एक घर पर रात भर बमबारी की। हमले में 16 लोगों की मौत हो गयी और 10 से अधिक घायल हुए हैं। सभी घायलों को डेर अल-बलाह शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने आज एक बयान जारी कर कहा कि वह मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में अभियान जारी रखे हुए है। पिछले 24 घंटे में इजरायली वायु सेना के विमानों ने सैन्य संरचनाओं, हथियार भंडारण सुविधा केन्द्रों और अन्य सहित लगभग 40 ठिकानों को नष्ट कर दिया। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक गाजा पट्टी पर अब तक इजरायली हमलों में जान गंवाने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 40,005 हो गयी है।

### भाजपा युवाओं की दुश्मन : राहुल



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को युवा विरोधी करार देते हुए उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती पर उच्च न्यायालय के फैसले को उसकी नीतियों पर करारा तमाचा बताया और कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की लडाई लड़ने वाले हर योद्धा की जीत है। श्री गांधी ने कहा 69,000 सहायक शिक्षकों की भर्ती पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला आरक्षण व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार की साजिशों को करारा जवाब है। यह पांच वर्षों से सर्दी, गर्मी, बरसात में सड़कों पर निरंतर संघर्ष कर रहे अमित मौर्या जैसे हजारों युवाओं की ही नहीं, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले हर योद्धा की जीत है। उन्होंने कहा, आरक्षण छीनने की भाजपाई ज़िद ने सैकड़ों निर्दोष अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। पांच साल ठोकरें खा कर बर्बाद होने के बाद जिनको नई सूची के जरिए नौकरी मिलेगी और जिनका नाम अब चयनित सूची से कट सकता है, दोनों की ही गुनहगार सिर्फ भाजपा है। कांग्रेस नेता ने कहा, पढ़ाई करने वालों को लड़ाई करने पर मजबूर करने वाली भाजपा सरकार सही मायने में युवाओं की दुश्मन है।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक प्रशिक्षु अवर पुलिस निरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने शनिवार को यहां बताया कि जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक आकाश कुमार के द्वारा अभियोजन पक्ष का मुकदमा कमजोर कर अभियुक्त को बचाने का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलने प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक आकाश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

### कंटेनर की चपेट में आने से महिला की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में शनिवार को कंटेनर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि अमनौर थाना क्षेत्र के गनौरा गांव निवासी शशि राय की पत्नी लीलावती देवी (28) अपने बच्चों को स्कूल से छुट्टी होने पर घर लाने के लिए अपने घर से स्कूल की तरफ जा रही थी। इसी दौरान गड़खा थाना क्षेत्र के मैकी गांव के समीप पेट्रोल पंप के सामने अनियंत्रित कंटेनर ने स्कूटी सवार महिला को रौंद दिया। इस घटना में उक्त महिला की मौत हो गई।

## स्पीड न्यूज

### राजगीर खेल परिसर निर्माण तेजी से पूर्ण करें : नीतीश

**राजगीर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को नालंदा जिले के राजगीर में बन रहे खेल परिसर के बचे हुए निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने शनिवार को राजगीर खेल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंडोर और आउटडोर स्टेडियम के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्पोर्ट्स एकेडमी सह निमार्णाधीन स्टेडियम का भी जायजा लिया।

### पश्चिम चंपारण से विदेशी शराब बरामद

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले की योगापट्टी थाना पुलिस ने पिकअप वैन पर लदी भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। योगापट्टी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सुनील सक्सेना ने शनिवार को यहां बताया कि सूचना मिली थी कि तस्कर शराब की एक बड़ी खेप लेकर उतरप्रदेश से पिकअप वैन से आ रहे है। सूचना के आधार पर कोईरगांवा प्रयागबाबा के मठ के समीप रास्ते की घेराबंदी की गयी। इसी दौरान पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान पिकअप वैन से 25 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

### सारण में युवक की हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के पुरवारी पट्टी गांव निवासी डब्लू सिंह (40) पिछले गुरुवार को अपनी पत्नी और पत्नी के भाई के साथ दरियापुर थाना क्षेत्र के मटिहान गांव स्थित अपने ससुराल गया था, जहां उसके ससुराल वालों का विवाद उनके पट्टीदार से हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे डब्लू सिंह पर ससुराल वालों के पट्टीदार ने हमला कर उसे घायल कर दिया। डब्लू सिंह को परिजन इलाज के लिये दिघवारा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एसएसबी ने 04 नाबालिग लड़कियों को तस्कर से कराया मुक्त


**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल की मानव तस्कर रोधी इकाई ने 04 नाबालिग लड़कियों को तस्करों से मुक्त करा लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट, गौरव सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि एसएसबी, सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगो की सुरक्षा के प्रति भी हमेशा तत्पर रहती है और 24 घंटे प्रत्येक घटना पर नजर बनाए हुये है। इसी क्रम मे सूचना मिली थी की सीमा चौकी रानीगंज क्षेत्र से मानव तस्करी के लिये कुछ नाबालिग लड़कियों को अन्य राज्य में ले जाया जाने वाला है। इस दौरान 04 नाबालिग लड़की तथा 01 व्यक्ति पर शक हुआ। पूछताछ के क्रम में पता चला कि चारों नाबालिग लड़कियों को अन्य राज्य मे नौकरी का झांसा देकर ले जाया जा रहा था।

# जस्टिस संजीव खन्ना होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश

▶▶ सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद 11 नवंबर को संभालेंगे पद

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद, जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई के रूप में पदभार संभालेंगे। वे 11 नवंबर 2024 को भारत के 51वें सीजेआई के रूप में पदस्थ होंगे। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ दस नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई के रूप में पदभार संभालेंगे। वे 11 नवंबर 2024 को भारत के 51वें सीजेआई के रूप में पदस्थ होंगे। इस साल नवंबर में रिटायर होने वाले हैं। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण फैसले किये गये हैं, जिनमें इलेक्टोरल बॉन्ड और अन्य मामलों के निर्णय शामिल हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी और लगभग दो साल की सेवा के बाद वह रिटायर हो रहे हैं।

**परिचय :** जस्टिस संजीव खन्ना का जन्म 14 मई 1960 को नई दिल्ली में हुआ था। उनके पिता, जस्टिस देव राज खन्ना, दिल्ली हाई कोर्ट के जज के रूप में रिटायर हुए, जबकि उनकी मां, श्रीमती सरोज खन्ना, दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज में हिंदी की लेक्चरार थीं। जस्टिस संजीव खन्ना ने अपनी स्कूली शिक्षा नई दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से पूरी की और 1977 में स्कूल पास करने के बाद, दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के कैंपस लॉ सेंटर (सीएलसी) से कानून की पढ़ाई की।

**जनवरी 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति प्राप्त की :** जस्टिस संजीव खन्ना ने जनवरी 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति प्राप्त की। उनकी सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति विवादास्पद रही थी क्योंकि उनके मुकाबले उम्र और अनुभव में 33 अन्य न्यायाधीश वरिष्ठ थे। हालांकि, इस विवाद के बाद मामला शांत हो गया। सुप्रीम कोर्ट में उनकी नियुक्ति से पहले, वे दिल्ली हाई कोर्ट में 14 वर्षों तक न्यायाधीश रहे। जस्टिस खन्ना को कराधान और वाणिज्यिक कानूनों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है और उन्होंने पिछले दो दशकों में कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं।

### छह माह का होगा कार्यकाल

जस्टिस संजीव खन्ना 11 नवंबर 2024 को भारत के 51वें सीजेआई के रूप में पदस्थ होंगे। जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट की परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत का सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश भारत का मुख्य न्यायाधीश बनता है। इस परंपरा के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना अगले सीजेआई बनने के लिए सबसे वरिष्ठ हैं। हालांकि, उनका कार्यकाल केवल छह महीने का होगा, और वे मई 2025 में रिटायर हो जाएंगे।

## भारत ने पोलैंड को अंजीर के रस की पहली खेप निर्यात की

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत ने जीआई-टैग पुरंदर अंजीर से बने पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस पोलैंड को निर्यात किया है। यह कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से भेजा गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत से कृषि उत्पादों के शिपमेंट को बढ़ाने की अपनी पहल के तहत पोलैंड को अंजीर के रस की पहली खेप निर्यात की गई है। एपीडा ने पहले रेडी-टू-ड्रिंक अंजीर जूस के निर्यात की सुविधा प्रदान की है, जिसे जीआई-टैग वाले पुरंदर अंजीर से बनाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि ये शिपमेंट वैश्विक बाजारों में भारतीय कृषि उत्पादों की क्षमता को दशार्ता है।

उल्लेखनीय है कि जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग उस वस्तु को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है, दूसरों द्वारा अनधिकृत उपयोग को रोकता है, और उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करता है।

### दो साल में तीसरी बार सुपरस्ट्रक्चर गंगा नदी में समाया

## 1717 करोड़ से बन रहे पुल का एक हिस्सा ढहा

एजेंसी



**भागलपुर।** बिहार में पुल बहने और ढहने का सिलसिला महीनों से जारी है। ताजा मामला भागलपुर से सामने आ रहा है। यहां खगड़िया-अगुवानी- सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर 1717 करोड़ की लागत से बन रहे पुल का एक हिस्सा आज शनिवार की सुबह करीब आठ बजे लोहे के एंगल से बने सुपरस्ट्रक्चर ढहकर नदी में गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत की खबर नहीं है। लेकिन पुल के विभिन्न हिस्सों के बार-बार ढहने से पुल निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। यह पहली बार नहीं है जब निमार्णाधीन पुल टूटा है। इससे पहले 4 जून 2023 को भी खगड़िया की तरफ पुल का खंभा नंबर 10 और 12 के बीच का सुपरस्ट्रक्चर गंगा नदी में गिर गया था। वहीं 30 जून 2022 को भी भागलपुर की तरफ का पुल का खंभा नंबर 5 और 6 के बीच का सुपरस्ट्रक्चर गंगा नदी में समा गया था। खगड़िया के जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे ने कहा कि अगुवानी-सुल्तानगंज पुल का एक स्लैब सुबह करीब आठ बजे गिर गया। पिछले साल इस पुल के चार-पांच खंभे ढह गये थे। निमार्णाधीन पुल का पूरा ढांचा, जिसमें खामियां हैं, उसे ठेकेदार द्वारा हाईकोर्ट के निर्देश पर ढांचे को तोड़ रहा है।

#### करीब नौ साल से चल रहा पुल निर्माण कार्य

बता दें कि 3.16 किलोमीटर लंबे पुल की आधारशिला 23 फरवरी 2014 को रखी गयी थी। इस पुल का निर्माण कार्य 9 मार्च 2015 को शुरू हुआ था। करीब नौ सालों से पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

## आईएमएफ के साथ सहयोग को तैयार : वित्त मंत्री



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने मुलाकात की। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि भारत आईएमएफ के साथ अपना सहयोग बढ़ाने के लिए और तरीके तलाशने को तैयार है। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि आईएमएफ की प्रथम उप-प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने यहां केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गोपीनाथ ने भारत सरकार की ओर से अपनाए जा रहे राजकोषीय समेकन पथ में नीतिगत निरंतरता के लिए वित्त मंत्री को बधाई दी। भारत सरकार आईएमएफ के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए और अधिक तरीके तलाशने के लिए तैयार है। दूसरी ओर गीता गोपीनाथ ने भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता को स्वीकार करने के अलावा आईएमएफ के साथ भारत के संबंधों की मजबूती की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संबंध भारत, आईएमएफ और दुनियाभर के लिए मूल्यवान है।

## ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया



**समस्तीपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समस्तीपुर नगर इकाई द्वारा बंगाल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ हुए दुष्कर्म एवं जघन्य हत्या के विरोध में बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मंत्री शुभम कुमार एवं कॉलेज अध्यक्ष प्रणव कुमार ने किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं का जत्था बलिराम भगत महाविद्यालय परिसर से चलकर मुख्य द्वार पर पहुंचकर ममता बनर्जी का पुतला दहन किया इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता ममता बनर्जी मुदार्बाद ममता बनर्जी इस्तीफा दो जैसे गगनभेदी नारे लगाये गये।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की, सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया भरोसा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मंत्रालय ने कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय सुझाने के लिए एक समिति बनाई जाएगी। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक रेजिडेंट महिला डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने के खिलाफ और महिला डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर गए डॉक्टरों से मंत्रालय ने काम पर लौटने की अपील की है। मंत्रालय ने डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए आंदोलनकारी डॉक्टरों से जनहित में अपने काम पर लौटने का अनुरोध किया है। शनिवार को मंत्रालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से मुलाकात की है। एसोसिएशनों ने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा पर अपनी चिंता के संबंध में अपनी मांगें रखी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने प्रतिनिधियों की मांगों को सुना और उन्हें स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। सभी एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि सरकार स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है और उनकी मांगों के प्रति संवेदनशील है। यह देखा गया कि 26 राज्य पहले ही अपने-अपने राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून पारित कर चुके हैं। संघों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के मद्देनजर, मंत्रालय ने उन्हें स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे सभी संभावित उपाय सुझाने के लिए एक समिति गठित करने का आश्वासन दिया। राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मंत्रालय ने डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए आंदोलनकारी डॉक्टरों से व्यापक जनहित में अपने काम पर लौटने का अनुरोध किया।

